हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# ईशान के तूफान में ढह गया पाक का किला




## टी20 विश्व कप में सूर्या 'सेना' के आगे पाक का सरेंडर

एजेंसी : कोलंबो

भारतीय टीम ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लिया। रविवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारतीय टीम ने ग्रुप-ए के मुकाबले में पाकिस्तान को 61 रनों से पराजित किया। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 175 रन बनाए। ये टारगेट जीत ▶▶|शेष पेज 7 पर

# बड़ा मैच, बड़ी जीत...भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से पीटा

### किसका पलड़ा भारी

टी20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़े अंतर से दबदबा बनाया हुआ है। टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 8 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से भारत ने सात जीते हैं और एक मुकाबला पाक ने अपने नाम किया है। पाक ने पिछली बार भारत को 2021 में 10 विकेट से हराया था। वहीं, भारत ने न्यूयॉर्क में खेले गए पिछले विश्व कप में पाक के खिलाफ 6 रनों की रोमांचक जीत हासिल की थी।



### फिर नो हैंडशेक

भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में नो हैंडशेक नीति बरकरार रखी है। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाए। भारत ने पिछले साल एशिया कप से ही चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यह नीति रखी है जिसे विश्व कप में भी जारी रखा है। इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि भारतीय टीम का रुख क्या होगा।

### राजधानी में दिखा जोश और जुनून

राजधानी रायपुर में भारत और पाकिस्तान मैच को लेकर जबर्दस्त उत्साह दिखा। जयस्तंभ चौक पर भारत की जीत के बाद देर रात जमकर आतिशबाजी हुई और तिरंगा लहराया।

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹114620/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹139990/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹152812/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### चार नए यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे

**केप कैनावेरल।** स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण समय से पहले



धरती पर वापस लाए गए साथियों की जगह लेने के लिए चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। स्पेसएक्स ने शनिवार को अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी अंतरिक्ष यात्रियों के दल को केप कैनावेरल से रवाना किया। एक दिन बाद ये अंतरिक्ष यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचे।

### हर्ष फायरिंग में 'डीजे ऑपरेटर' की मौत

**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले में कथित तौर पर हर्ष फायरिंग में एक 'डीजे ऑपरेटर' की मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम गगहा थाना इलाके में 'गुरु कृपा मैरिज हॉल' के निकट हुई। गगहा के पांडेयपार निवासी हरि गोविंद गुप्ता के बेटे शुभ्रांश की बारात समारोह स्थल की ओर बढ़ रही थी, तभी बारात में शामिल एक युवक ने कथित तौर पर पिस्तौल से हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। तीन गोलियां चलाई गईं दो हवा में चलीं, जबकि तीसरी 'डीजे ऑपरेटर' छोटू के सिर में लगी और वह मौके पर गिर पड़ा। छोटू को अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खड़ी यात्री ट्रेन के कोच में लगी आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले के कटवा रेलवे



स्टेशन पर रविवार तड़के एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी कटवा से अजीमगंज जाने वाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में सुबह करीब 4.30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की गाड़ियों ने 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया।

### सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलमंगला के पास एक कार और केएसआरटीसी बस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार आधी रात को हुई, जब बेंगलुरु की ओर जा रही कार कथित तौर पर डिवाइडर से टकराकर विपरीत लेन में चली गई और सामने से आ रही बस से जा टकराई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### रायपुर में बड़ा गिरोह पकड़ा गया, सरोना स्थित एक निजी कालेज में परीक्षा दिलाने पहुंचे थे सभी

# गेट परीक्षा में धरे गए आधा दर्जन मुन्नाभाई, तीन परीक्षा दे रहे थे, तीन ब्लू टूथ से दे रहे थे जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**रायपुर में गेट परीक्षा के दौरान मुन्नाभाई गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने सरोना में छह ऐसे लोगों को पकड़ा है, जिनमें तीन परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहे थे और तीन बाहर से ब्लू टूथ के जरिए पर्चा हल कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। इनमें से एक जम्मू कश्मीर में सरकारी नौकरी में है। पुलिस के मुताबिक चार आरोपी इंजीनियरिंग तथा दो ने दसवीं तक की पढ़ाई की है।**

खास खबर

इंजीनियरिंग और विज्ञान के छात्रों के लिए भारत के शीर्ष संस्थान आईआईटी, एनआईटी, आईआईएससी में एमटेक, पीएचडी में दाखिला लेने और ओएन - जीसी, आईओसीएल, एनटीपीसी, डीआरडीओ जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यहां सरोना के एक निजी कॉलेज को परीक्षा सेंटर बनाया गया था। यही पर गिरोह का पर्दाफाश हुआ।

रायपुर वेस्ट के डीसीपी संदीप पटेल, डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में नकल करने तथा करवाने के आरोप में हरियाणा, झज्जर निवासी दर्शन सहवाग, सुमित सहवाग, फतेहाबाद निवासी लक्ष्मीनारायण उर्फ ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ये बरामद

- 3 नग ब्लूटूथ ईयर डिवाइस (सूक्ष्म/छिपाने योग्य)
- 4 नग ब्लूटूथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस
- 8 नग मोबाइल फोन
- 3 नग सिम कार्ड
- अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण
- नकल कराने से संबंधित सामग्री



### कई परीक्षा में शामिल होने की आशंका

पुलिस को शक है कि गिरफ्तार साल्वर कई अन्य परीक्षाओं में इसी तरह से नकल करवा चुके हैं। इस संबंध में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। नकल गिरोह से जुड़े कुछ और लोगों के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है। परीक्षार्थियों को पुलिस ने परीक्षा केंद्र के बाहर निकलने के बाद गिरफ्तार किया।

### नकल के लिए ऐसी फिल्डिंग

अमर, सुमित तथा लक्ष्मीनारायण गेट का परीक्षा दिलाने आए थे। दर्शन तथा नरेंद्र बाहर से परीक्षा साल्व कर जानकारी देने का काम कर रहे थे। बंटी लाइजनर था जो आस-पास आने जाने वाले लोगों पर निगाह रख रहा था। परीक्षा केंद्र के बाहर दर्शन पकोड़े खाते हुए लगातार किसी के साथ मोबाइल पर संपर्क में था। इस दौरान पुलिस की उस पर नजर पड़ी, उसकी हरकत को देखते हुए पुलिस को वह संदिग्ध लगा। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल के साथ डिवाइस मिला। सख्ती से पूछताछ करने के बाद उसने अपराध कबूल करते हुए अपने साथियों के बारे में जानकारी दे दी।

### ऐसे करा रहे थे नकल

परीक्षा केंद्र में परीक्षा दिलाने पहुंचे नकलची दिल्ली से स्कीन कलर के ब्लू टूथ खरीदकर लाए थे। परीक्षार्थी ब्लू टूथ को अपने जूते में छिपाकर परीक्षा केंद्र पहुंचे। परीक्षा केंद्र में चोरी छिपे ब्लू टूथ कान में लगाने के बाद जो प्रश्न के नीचे दिए गए चार आप्शन के बारे में बाहर बैठे साल्वर को बताते। साल्वर गूगल सर्च कर प्रश्न पत्र में दिए गए एबीसीडी आंसर में से सही उत्तर बताता।

### प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जनप्रतिनिधियों व अफसरों से करेंगे संवाद

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद आज जांजगीर चांपा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करने हरिभूमि एवं आईएनएच का जिला संवाद 2026 का आयोजन 16 फरवरी को किया गया है। कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और जिले के अफसरों व विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों से सीधा संवाद करेंगे। सोमवार को शाम 4 बजे जिला पंचायत के पास स्थित ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस मौके पर छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सम्मान समारोह भी

अंतिम सेशन सम्मान समारोह का होगा। इसमें भारतीय कुष्ठ निवारण संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी, वरिष्ठ अधिवक्ता साहित्यकार एवं कानूनी किताबों के लेखक विजय कुमार दुबे, निःशुल्क शिक्षा दान करने वाले रामकृष्ण वैष्णव, हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया, यूनिक फार्मेसी कॉलेज के डायरेक्टर अखिलेश सिंह सेंगर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जी.के. नायक, सांदीपनि शिक्षण संस्थान राहौद के संचालक संतोष गुप्ता, जिला क्रशर उद्योग के अध्यक्ष दीपक सिंघानिया, स्नैकमेन ▶▶| शेष पेज 7 पर

### समिट में तीन सूत्रों पर होगा मंथन

## दिल्ली में आज से टेक वर्ल्ड का सबसे बड़ा समिट, शामिल होंगे सात देशों के राष्ट्रपति, 9 पीएम



नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम

एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में आज यानी 16 फरवरी से एआई इम्पैक्ट समिट शुरू हो रहा है, जिसमें पूरी दुनिया से कई जानी मानी हस्तियां, टेक कंपनियों के सीईओ एवं देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। एआई इम्पैक्ट समिट टेक्नोलॉजी वर्ल्ड का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है। समिट में 20 से ज्यादा देशों के जाने-माने नेता और 45 से ज्यादा देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आएंगे। 7 देशों के राष्ट्रपति, 2 देश के उपराष्ट्रपति और 9 देश के प्रधानमंत्री समिट को जॉइन करेंगे। दुनियाभर के देशों की बड़ी टेक कंपनियों के सीईओ और उनका मालिक भी समिट में आएंगे।

### ये 9 प्रधानमंत्री और कंपनियों के सीईओ आएंगे

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एआई समिट में आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ऑर्पो, स्पेन के पेड्रो प्रधानमंत्री सांचेज, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कूफ, कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओलजास बेक्टेनोव और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भी आएंगे। वहीं अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई भी समिट में शामिल होंगे।

### इन देशों के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति आएंगे

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एआई समिट में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, एस्टोनिया के राष्ट्रपति आलार कारिस, स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलन शिरकत करेंगे। वहीं गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिलाय भी समिट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## राजिम कुंभ कल्प-2026 का समापन



**राजिम।** धर्मनगरी राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 का समापन रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेश की निरंतर प्रगति, शांति और खुशहाली की कामना की।

### 8000 खातों की पहचान

## 'म्यूल खातों' के बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली/श्रीनगर

सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में 'म्यूल खातों' के लगातार बढ़ते नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, और अधिकारियों को



आशंका है कि इन खातों के माध्यम से भेजे गए धन का उपयोग अलगाववादी और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि तीन वर्षों की अवधि में इस क्षेत्र में संचालित 8,000 से अधिक 'म्यूल खातों' की पहचान की गई है और इनसे लेन-देन रोक दिया गया है, जिससे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### क्या है म्यूल खाते

आमतौर पर, 'म्यूल खाते' उपलब्ध कराने वाला बिचौलिया व्यक्ति न तो पीड़ितों से संपर्क करता है और न ही फर्जी लिंक भेजता है। इसके बजाय, उनकी भूमिका गुप्त लेकिन महत्वपूर्ण होती है, वे ऐसे खातों की निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था और रखरखाव करते हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराधी अपनी पहचान उजागर किए बिना ठगी गए पैसे को प्राप्त करने और स्थानांतरित करने के लिए करते हैं।


### नक्सलियों के भय से पहले जंगल की ओर नहीं जाते थे ग्रामीण

## तोयनार के जंगल में मिली ब्लू गुफा जैव विविधता का नायाब नमूना

राजेश दास/सुरेश सिंह ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर


बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक के अंतिम छोर तोयनार के जंगल में ग्रामीणों ने अद्भुत गुफा की खोज की है। नीले पत्थरों की यह गुफा प्राकृतिक सुंदरता व जैव विविधता का नायाब नमूना है। दो दिन पूर्व मिले गुफा के नीले पत्थर रोशनी में अलग ही छंटा बिखर रहे हैं, जिसे देखने ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी है। दो दशक पूर्व मवेशियों को ▶▶|शेष पेज 7 पर



### 25 फरवरी से पर्यटक कर सकेंगे दीदार

ग्राम प्रमुखों ने कहा कि 25 फरवरी को मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रचार प्रसार शुरू कर दिया गया है। स्थानीय लोग व पर्यटक गुफा की खूबसूरती का दीदार कर सकेंगे, इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। तोयनार से लगभग 2 किमी दूर जंगल में मिले गुफा तक जाने के लिए पगडंडी मार्ग भी तैयार किया जा रहा है, ताकि आने वालों को दिक्कत ना हो।





### बारिश का पानी व मिट्टी से ढंक गया था गुफा का द्वार

तोयनार और मुंदेनार के ग्रामीण सामु बारे, पूर्व सरपंच व जनपद सदस्य हूंगा मांडवी, सरपंच बुदरू कवासी, सुकलू नंदा, मंडा हांदा, बुधराम भीमा, आयतु कोसा, कोयाराम मरकाम, बुधराम मरकाम, मंगलु बुद्रू, सोमारु मंगलू, बामन लखमा, मनील बुद्रू, उमा बामन, सचिव कमल ठाकुर आदि ने बताया की यह गुफा 2005 मे गांव के ग्रामीणों द्वारा खोजा गया था। उस दौरान नक्सलियों के भय के चलते आगे की खोज नहीं की गई थी। यही वजह थी कि बारिश के पानी व मिट्टी ने गुफा को ढंक दिया था। ढका हुआ होने से गुफा का पता किसी को नहीं चल पा रहा था। अब गांव के लोगों द्वारा गुफा की साफ सफाई कर के 100 मीटर तक सुरंग की खोज कर ली गई है।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## अब सहज हुई यात्रा

पहली बार बस्तर और सरगुजा के
सुदूर गांवों तक पहुंची बस सेवा




हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सुशासन से समृद्धि की ओर

ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# छग समेत देशभर में गूंजा हर-हर महादेव


उज्जैन


रायपुर


काशी


भिलाई

## भूत-पिशाच संग निकली बाबा की बारात

**भिलाई।** महाशिवरात्रि पर बोल बम सेवा एवं समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा की बारात निकाली गई। बाबा की बारात में आपसी भाईचारे के संदेश दिया गया। केरल, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, ओडिशा सहित दक्षिण भारत की आकर्षक 15 फीट की झांकियों और नृत्यों ने सभी का मनमोहा। मिनी इंडिया में पिछले 18 सालों से निकलने वाली बाबा की बारात के इस भव्य आयोजन का इस बार एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। शेष पेज 7 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रेणुका को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य रेणुका चौधरी को अपनी कार में एक आवारा कुत्ते को संसद परिसर में लाने और सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है।

### जीप खाई में गिरने से तीन की मौत, एक घायल

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक जीप के कथित तौर पर 100 मीटर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जीप सिलिबागी से लंबाथाच जा रही थी कि इसी दौरान मंडी जिले के सेराज विधानसभा क्षेत्र में बादामोद के निकट तड़के करीब चार बजे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## ट्रेड डील पर सियासत के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने साफ किया अपना रुख

# पीएम मोदी ने कहा- राजनीतिक स्थिरता से निवेशकों का भारत में बढ़ा भरोसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय बजट, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड डील होने के बाद पहली बार अपना रुख साफ किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता ने भारत में निवेशकों का विश्वास बहाल किया है। हमारे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, सर्विस सेक्टर और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर व्यापार समझौता करने में सक्षम बनाया है। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्रेड डील को लेकर पीएम मोदी पर वार किया, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल पर पलटवार किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, सर्विस सेक्टर और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर ने हमें 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने में सक्षम बनाया। ट्रेड डील के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता, राजनीतिक पूर्वानुमान क्षमता ने भारत में निवेशकों का भरोसा बहाल किया। उन्होंने कहा कि हमारे मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हैंडीक्राफ्ट्स, ज्वेलरी और अन्य क्षेत्रों में लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करना है। उन्होंने कहा, इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की चाहत को दर्शाता है। बजट मजबूरी में पैदा हुआ 'अभी नहीं तो शेष पेज 7 पर

■ पीएम ने कहा, इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की चाहत को दर्शाता है



### रखी जा रही एआई इकोसिस्टम की नींव



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कंप्यूटिंग कैपेसिटी और डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करके एक समृद्ध एआई इकोसिस्टम की नींव रख रहा है। प्रधानमंत्री ने अगले एक दशक के लिए सुधारों की तीन प्रमुख प्राथमिकताएं बताईं- संरचनात्मक सुधार, डीप इनोवेशन और सरल शासन व्यवस्था।

### महिलाएं ही करेंगी की प्रगति की अगुवाई



मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का हर फैसला महिलाओं के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया जाता है। महिलाओं की भलाई सरकार की नीतियों और फैसलों की सबसे बड़ी मार्गदर्शक शक्ति है।

### सरकार की प्रतिबद्धता

प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन की कड़ी आलोचना की और कहा कि इस कारण भारत दूसरे देशों के साथ व्यापार समझौते को लेकर आत्मविश्वास के साथ बातचीत करने में असमर्थ रहा।

### सप्लाई चेन में निवेश करना चाहिए



पीएम मोदी ने कहा, प्राइवेट सेक्टर को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए। उन्हें रिसर्च एंड डेवलपमेंट, सप्लाई चेन और क्वालिटी में निवेश करना चाहिए।

### तरक्की के लिए निजी क्षेत्र अहम



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में अगले चरण के आर्थिक परिवर्तन के लिए निजी क्षेत्र महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर से निर्णायक प्रतिक्रिया का अनुरोध किया।

### राहुल के पांच सवाल पर सियासी बवाल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका डील को लेकर केंद्र सरकार पर पांच सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं।

## शाह का पलटवार, कहा- झूठ फैला रहे राहुल



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार समझौतों को लेकर किसानों को गुमराह करने और झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार ने देश के कृषि और दुग्ध शेष पेज 7 पर

### कांग्रेस ने किए थे हानिकारक समझौते

शाह ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में भारतीय कृषि के लिए हानिकारक समझौते किए गए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभालते ही ऐसे प्रावधानों को रद्द कर दिया। कांग्रेस की इस आलोचना का उल्लेख करते हुए कि ये समझौते भारत के डेयरी क्षेत्र को नष्ट कर देंगे, शेष पेज 7 पर

**1 डीडीजी इंपोर्ट**
डीडीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर्स अनाज खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?


**2 जीएम सोया तेल आयात से किसानों का क्या होगा**
अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?

**3 'अतिरिक्त उत्पाद' में आखिर शामिल क्या है?**
जब आप 'अतिरिक्त उत्पाद' कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?

**4 'गैर-व्यापार बाधाएं' हटाने का क्या अर्थ है**
राहुल गांधी ने यह भी पूछा कि 'गैर-व्यापार बाधाएं' हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?

**5 क्या हर साल और ज्यादा खुलेगा आयात का दरवाजा?**
अपने आखिरी सवाल में राहुल ने पूछा- एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

# पहली पत्नी के रहते चूड़ी पहनाकर दूसरी मान्य नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पारिवारिक कानून और उत्तराधिकार को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कहा है कि पहली शादी के रहते सिर्फ चूड़ी प्रथा के आधार पर की गई दूसरी शादी को कानूनी मान्यता नहीं मिल सकती और ऐसी स्थिति में दूसरी पत्नी या उसकी संतान का संपत्ति में कोई हक नहीं होगा। जस्टिस बिभू दत्ता गुरु की सिंगल बेंच ने हिंदू विवाह शेष पेज 7 पर

### कानूनी वारिस पर कही यह बात

इस दौरान हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पटवारी या राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने से कोई कानूनी वारिस नहीं बन जाता। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के साल 2002 के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि सगनूराम की संपत्ति पर अधिकार केवल पहली पत्नी की संतान का ही होगा।

# 21 जगहों पर ताबड़तोड़ छापे बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ सर्च ऑपरेशन

महाराष्ट्र में एंटी टेररिज्म स्क्वॉड ने रविवार सुबह से राज्यभर में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया है। मुंबई एटीएस की टीमों ने यवतमाल और अहिल्यानगर जिलों में कुल 21 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। यह कार्रवाई कुछ युवाओं को आतंकी संगठनों से जोड़ने और उन्हें सक्रिय करने की कोशिशों के इनपुट मिलने के बाद की गई। अधिकारियों के अनुसार, यवतमाल जिले के पुसद और उमरखेड़ क्षेत्र में 14 स्थानों पर तलाशी ली गई। वहीं अहिल्यानगर (अहमदनगर) शेष पेज 7 पर

*सरकार बदल सकती है आधार कार्ड की डिजाइन*

# आधार में फोटो के साथ दिखेगा क्यूआर कोड!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आधार कार्ड के मिसयूज होने का टेंशन खत्म हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि आधार कार्ड डिटेल्स की चोरी रोकने के लिए सरकार आधार कार्ड का डिजाइन बदलने जा रही है। नए आधार ऐप के लॉन्च के बाद, यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल रोकने के शेष पेज 7 पर



### क्यूआर कोड-बेस्ड वेरिफिकेशन

प्रस्तावित बदलावों के तहत, आधार कार्ड पर क्यूआर कोड स्कैन करने से बैंकिंग, सिम जारी करने और सरकारी योजनाओं जैसी सर्विसेस के लिए वेरिफिकेशन हो सकेगा। इस सिस्टम से प्राइवेसी बढ़ने और गलत इस्तेमाल का खतरा कम होने की संभावना है।

**बदलाव का प्रस्ताव क्यों**
आधार कार्ड भारतीय निवासियों के लिए एक बेहद जरूरी डॉक्यूमेंट बन गया है। बैंक अकाउंट खोलने हो, सिम कार्ड खरीदने हो, जमीन खरीदना हो, लोन लेना हो या फिर किसी सरकारी स्कीम का फायदा उठाना हो, लगभग हर काम के लिए इसकी जरूरत होती है।




यूजीसी ने जारी किया आंकड़े

# 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की नियुक्ति में तमिलनाडु अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु कक्षाओं में वास्तविक दुनिया के अनुभव प्रदान करने के लिए अपने उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्योग विशेषज्ञों को 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' के रूप में नियुक्त करने के मामले में सबसे आगे है। यूजीसी के आंकड़ों से यह बात सामने आई है। आंकड़ों के मुताबिक, 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की नियुक्ति के मामले में महाराष्ट्र दूसरे और गुजरात तीसरे स्थान पर है।

### इन राज्यों में इतनी नियुक्तियां

आंकड़ों के मुताबिक, तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 395 पीओपी की नियुक्ति की गई है, जिसके बाद महाराष्ट्र (193), गुजरात (179) और कर्नाटक (170) का स्थान आता है। आंकड़ों पर गौर करें तो अकादमिक कार्यबल में उद्योग जगत के पेशेवरों की नियुक्ति के मामले में निजी विश्वविद्यालय (715) सबसे आगे हैं, जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने अब तक केवल 15 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' नियुक्त किए हैं।







# झांझ, मंजीरे, शंखध्वनि... कश्मीर से कन्याकुमारी काशी से उज्जैन तक गूंजा 'हर हर महादेव'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाशिवरात्रि के अवसर पर देशभर के शिव मंदिरों में 'हर-हर महादेव' के जयकारों, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष आरतियों के बीच पूजा-अर्चना की गई। गुजरात के गिर सोमनाथ में सोमनाथ त्रिवेणी संगम घाट पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत संगम आरती के एक वर्ष पूर्ण होने पर विशेष आयोजन किया गया। उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में तड़के 2:30 बजे भस्म आरती के साथ 44 घंटे के निर्बाध दर्शन शुरू हुए, तो वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में मंगला आरती और पुष्पवर्षा के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया। हिरण, कपिला और सरस्वती नदियों के पवित्र संगम पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 108 दीपों से भव्य महाआरती हुई।







### कहां-कहां उमड़ा आस्था का सैलाब

*गुजरात के जूनागढ़ में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की, वहीं साधु-संतों की मौजूदगी ने पर्व को और आध्यात्मिक स्वरूप दिया. उज्जैन, काशी के साथ ही जम्मू-कश्मीर के रियासी स्थित शंभू महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वर धाम मंदिर और झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम में हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया।*

### दिल्ली के मंदिरों में भी रही धूमधाम

*राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में श्री आद्या कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर (छतरपुर) और गौरी शंकर मंदिर में सुबह से लंबी कतारें लगी रहीं। मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर, अमृतसर के शिवाला बाग भैयां मंदिर और अलीगढ़ के खेरश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का असम दौरा 18 से

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा 18 फरवरी से असम के



दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी और इस दौरान पार्टी की कई बैठकों में शामिल होंगी। असम इकाई के महासचिव (संगठन) बिपुल गोगोई ने एक बयान में कहा कि वाद्रा इन दो दिनों के दौरान कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ कई बैठकें करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रियंका गांधी राजनीतिक मामलों की समिति, विधायकों, जिला अध्यक्षों, विधायक दल के नेता, कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों, विभिन्न प्रकोष्ठ प्रमुखों और बूथ समिति प्रमुखों आदि के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगी।

### पंजाब के मुख्यमंत्री मान मोहाली अस्पताल में भर्ती

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को रविवार को



स्वास्थ्य जांच के लिए मोहाली में स्थित फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार संगरूर में अस्वस्थ महसूस होने के बाद उन्हें मोहाली ले जाया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल के चिकित्सक उनकी जांच कर रहे हैं। हालांकि अस्पताल की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इससे पहले दिन में वह महाशिवरात्रि के अवसर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मत्था टेकने संगरूर जिले के धूरी में स्थित श्री रंकेश्वर महादेव शिव मंदिर पहुंचे थे।

### गैंडे के हमले में एक वन रक्षक की मौत, दूसरा घायल

**जोरहाट।** असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में रविवार को गैंडे के हमले में एक वन रक्षक की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब वन रक्षक बरदलानी शिविर के पास नियमित गश्त पर थे, तभी गैंडे ने अचानक उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान सहाबुद्दीन (54) के रूप में और घायल की पहचान रामेन बोरा के रूप में हुई है। यह घटना कोहोरा रेंज में सुबह की गश्त के दौरान घटी।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में आने से पहले यूएन मुख्यालय में दिया साक्षात्कार

# यूएन चीफ गुटेरेस ने की तारीफ, भारत की बढ़ती ताकत का वैश्विक मंच पर अच्छा असर

*संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत की तारीफ की है और इसे एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि इसका वैश्विक मामलों में काफी प्रभाव है। एंटोनियो गुटेरेस इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में शामिल होने के लिए भारत आ रहे हैं। एआई समिट से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक न्यूज एजेंसी को दिए गए इंटरव्यू में गुटेरस ने शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत को बिल्कुल सही जगह बताया। यूएन मुख्यालय में हुए साक्षात्कार में गुटेरेस ने कहा, 'मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। ये बहुत जरूरी है कि एआई का विकास हर किसी के फायदे के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभों का हिस्सा बनें। भारत आज 16 से 20 फरवरी तक इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी कर रहा है।*

एजेंसी ▶▶| हेग

एआई समिट से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक न्यूज एजेंसी को दिए गए इंटरव्यू में गुटेरस ने शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत को बिल्कुल सही जगह बताया। गुटेरेस ने कहा, 'मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। ये बहुत जरूरी है कि एआई का विकास हर किसी के फायदे के लिए हो और ग्लोबल साउथ के देश भी एआई के लाभों का हिस्सा बनें।



### भारत अपने प्रभाव की अहम भूमिका निभा रहा

गुटेरेस ने कहा, 'भारत आज एक बेहद सफल उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में बल्कि वैश्विक मामलों में अपने प्रभाव में भी लगातार अहम भूमिका निभा रहा है। इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए सही जगह है। इससे ये पता चलेगा कि एआई पर गहराई से चर्चा हो, इसकी अपार संभावनाओं और जोखिमों के साथ-साथ, लेकिन एआई पूरी दुनिया का हो, न कि सिर्फ कुछ लोगों का।

### एआई का विकास सबके लिए हो- गुटेरेस

यूएन चीफ ने आगे बताया कि ये बिल्कुल अस्वीकार्य होगा कि एआई सिर्फ सबसे विकसित देशों का विशेषाधिकार हो या सिर्फ दो महाशक्तियों (अमेरिका और चीन) के बीच का बंटा हो. ये बहुत जरूरी है कि एआई इंसानों के फायदे के लिए एक सार्वभौमिक साधन बने। उन्होंने कहा, 'हम दुनिया भर में, विकसित देशों के साथ-साथ उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक ऐसा नेटवर्क बनते देख रहे हैं. जो किसी भी वर्चस्व के बिना सच्ची बहुध्रुवीयता का निर्माण कर रहा है और बहुपक्षीय संगठनों को प्रभावी होने की अनुमति दे रहा है।

### दुनिया भर में शांति और सुरक्षा पर जताई चिंता

*गुटेरेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को देखकर मेरी निराशा का अंदाजा लगाया जा सकता है, जब मैं सुरक्षा परिषद को निर्णय लेने में असमर्थ देखता हूं। ये साफ है कि हमें सुरक्षा परिषद में मूलभूत सुधार की जरूरत है। पहला, ताकि ये दूसरे विश्व युद्ध के बाद की स्थिति के बजाय आज की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर सके। दूसरा, ताकि ये दुनिया भर में शांति और सुरक्षा के लिए प्रभावी फैसले ले सके।*

### समिट 2026 में शामिल होंगी दिग्गज हस्तियां

*बता दें कि, इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा जैसे विश्व नेताओं से लेकर गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई तक शामिल होंगे। इसके अलावा, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई जैसे प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों तक, इस शिखर का हिस्सा बनेंगे।*

# रक्षा सहयोग को मजबूत करने सेना प्रमुख का ऑस्ट्रेलिया दौरा आज से

### रक्षा बलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज 16 से 19 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग को और मजबूत करना और दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देना है। जनरल द्विवेदी अपनी इस यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों में ट्रेनिंग, जॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज, कैपेसिटी बिल्डिंग जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सके। सिडनी में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ऑस्ट्रेलिया के फोर्सेज कमांड, स्पेशल ऑपरेशंस कमांड और सेकेंड डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।



### दोनों देशों की सेनाएं करती हैं सैन्य अभ्यास

बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई सेना के सेकेंड डिवीजन की टुकड़ियां भारत के साथ द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'आस्ट्राहिन्द' में नियमित रूप से भाग लेती हैं, जिसका अगला संस्करण 2026 में भारत में प्रस्तावित है। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा पहुंचने पर सेना प्रमुख को औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख साइमन स्टुअर्ट से होगी। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ऑस्ट्रेलियन वॉर मेमोरियल में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और ऑस्ट्रेलिया में रह रहे पूर्व भारतीय सैनिकों से भी मुलाकात करेंगे. उनकी यह यात्रा इंडो-पैसिफिक रीजन में शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया की साझा प्रतिबद्धता को और मजबूती देगी।

### सैन्य अधिकारियों संग होंगे विभिन्न कार्यक्रम


अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ऑस्ट्रेलियन डिफेंस कॉलेज के कमांडर से भी मुलाकात करेंगे और ऑस्ट्रेलियन कमांड एंड स्टाफ कॉलेज में अधिकारियों को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वह ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स और रक्षा विभाग के सचिव से भी मुलाकात करेंगे और जॉइंट ऑपरेशंस कमांड मुख्यालय का दौरा कर मल्टी-डोमेन और इंटीग्रेटेड मिलिट्री ऑपरेशन की जानकारी प्राप्त करेंगे।

# रुकिए, आपकी आईडी कहां है, जर्मनी में लुटी पाक सेना प्रमुख मुनीर की इज्जत

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

दुनिया तेजी से बदल रही है लेकिन एक चीज जो नहीं बदली, वो है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली पाकिस्तान की बेइज्जती। हालिया मामला पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर का है, जिन्हें एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। मुनीर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के लिए जर्मनी के म्यूनिख शहर पहुंचे थे जहां उन्हें रोक कर आईडी यानी पहचान पत्र दिखाने को कहा गया।

बता दें कि 13-15 फरवरी के बीच आयोजित म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में मुनीर के साथ आम लोगों की तरह ही व्यवहार किया



गया और स्टैंडर्ड सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत उनसे पहचान पत्र दिखाने के लिए कहा गया। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन हर साल आयोजित किया जाता है जहां वैश्विक नेता, रक्षा अधिकारी, राजनयिक और नीति विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए जमा होते हैं।

### पाकिस्तान की कूटनीतिक शर्मिंदगी

सोशल मीडिया पर मुनीर से आईडी मांगे जाने का यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है और लोग इसे पाकिस्तान की कूटनीतिक शर्मिंदगी बता रहे हैं। यूजर्स ने लिखा है कि दुनिया में मुनीर को कोई नहीं जानता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी भारी बेइज्जती हो गई. हालांकि, कुछ लोग कह रहे हैं कि हाई लेवल के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में सुरक्षा जांच सामान्य प्रक्रिया होती है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में किसी आम अटेंडी जैसा बर्ताव किया गया। सूत्रों ने बताया कि ऑफिसर ने उनके साथ किसी मशहूर हस्ती के बजाय एक "छोटे एस्कॉर्ट" जैसा बर्ताव किया। यहां तक कि उनके फॉर्मल आइडेंटिटी चेक पर जोर दिया गया।

### जयपुर हवाई अड्डे पर महिला को कुत्ते ने काटा

**जयपुर।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के टर्मिनल-2 पर रविवार दोपहर एक कुत्ते ने दिल्ली से यहां पहुंची महिला यात्री को काट लिया जिससे उसके पैर से खून निकलने लगा। वहां मौजूद लोगों ने महिला को तुरंत संभाला और हवाई अड्डा प्रबंधन को इसकी सूचना दी। इसके बाद महिला को निजी अस्पताल ले जाया गया। हवाई अड्डा प्रबंधन ने बताया कि महिला हवाई अड्डे से बाहर निकल रही थी, तभी आगमन क्षेत्र के द्वार के बाहर एक कुत्ते ने हमला किया। प्रबंधन के मुताबिक, कुत्ते का पहले ही टीकाकरण किया जा चुका है और इस वजह से खतरे की कोई बात नहीं है। घायल महिला को अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहले भी कई बार कुत्तों द्वारा यात्रियों को काटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# अमेरिका ने सीरिया में किया बड़ा अटैक, कई आतंकी ठिकाने तबाह

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के ठिकानों पर अपनी सैन्य कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक' के तहत चल रहे अभियान का नया वीडियो और जानकारी जारी की है। यह कार्रवाई दिसंबर में पलमायरा में हुए हमले के बाद शुरू की गई, जिसमें दो अमेरिकी सैनिकों और एक अमेरिकी इंटरप्रेटर

### सैनिकों की मौत का गिन-गिन कर ले रहा बदला



की मौत हो गई थी। अमेरिका ने साफ कहा है कि अपने सैनिकों पर हमले का जवाब सख्ती से दिया जाएगा।

### 'हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाया तो जवाब मिलेगा'

सेंटकॉम ने अपने बयान में कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिकी सैनिकों को नुकसान पहुंचाया गया तो जिम्मेदार लोगों को दुनिया के किसी भी कोने में ढूंढकर मारा जाएगा। उस समय के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इसे व्यापक युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि एक 'सीमित और निशाना बनाकर की गई कार्रवाई' बताया था। उन्होंने इसे 'बदले की घोषणा' कहा था।

### फरवरी में यूएस ने किए 10 सटीक हमले

सेंटकॉम ने बताया कि 3 फरवरी से 13 फरवरी के बीच अभियान के नए चरण में 10 सटीक हवाई हमले किए गए। इन हमलों में आईएसआईएस से जुड़े 30 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें हथियारों के गोदाम, संचार नेटवर्क और रसद केंद्र शामिल थे, जो संगठन की गतिविधियों में मदद कर रहे थे। इस अभियान में एफ-15ई स्ट्राइक ईगल, ए-10 वार्थॉग, एसी-130जे घोस्टराइडर और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन जैसे विमान शामिल रहे। इसके अलावा जॉर्डन के एफ-16 विमानों ने भी सहयोग दिया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम 50 आईएसआईएस लड़ाकों को मार गिराया गया है या गिरफ्तार किया गया है।

### पीड़ित ने निचली अदालत के आदेश को हाईकोर्ट में दी थी चुनौती

# शादी का वादा पूरा न होना रेप नहीं... उत्तराखंड हाईकोर्ट का अहम फैसला

एजेंसी ▶▶| रांची

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि यदि दो वयस्कों के बीच लंबे समय तक सहमति से संबंध रहे हों, तो बाद में शादी का वादा पूरा न होने को बलात्कार नहीं माना जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत अपराध तभी बनेगा जब यह साबित हो कि शुरू से ही शादी का वादा झूठा था और केवल सहमति प्राप्त करने के लिए वादा किया गया था।

मामला मसूरी की एक महिला से जुड़ा है, जिसने सूरज बोरा पर आरोप लगाया था कि उसने शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। शिकायत के अनुसार आरोपी ने 45 दिन में शादी का भरोसा दिया था, लेकिन बाद में मुकर गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया, जिसे आरोपी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### बचाव पक्ष ने दी दलील दोनों व्यस्क थे

बचाव पक्ष ने दलील दी कि दोनों वयस्क थे और लंबे समय तक सहमति से संबंध में रहे। उनका कहना था कि प्राथमिकी में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं है जिससे यह साबित हो कि शुरुआत से ही आरोपी का इरादा धोखाधड़ी का था। उन्होंने कहा कि यह केवल एक असफल संबंध था और आपराधिक कार्यवाही कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी।




### राज्य सरकार ने याचिका का किया विरोध

वहीं राज्य सरकार और महिला की ओर से पेश वकीलों ने याचिका का विरोध किया। उनका तर्क था कि महिला की सहमति केवल शादी वादे पर आधारित थी और यह तय करना कि वादा शुरू से झूठा था या नहीं, साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे के दौरान ही संभव है। इसलिए कार्यवाही रद्द नहीं की जानी चाहिए।

### उत्तराखंड कोर्ट ने फैसले में यह कहा

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति आशीष नैथानी ने कहा कि किसी वयस्क महिला की सहमति केवल इसलिए दूषित नहीं हो जाती क्योंकि संबंध विवाह में नहीं बदला। उन्होंने कहा कि इसे धारा 376 के तहत अपराध मानने के लिए यह दिखाना जरूरी है कि शादी का वादा केवल सहमति हासिल करने का साधन था और आरोपी का विवाह का इरादा कभी था ही नहीं।

**ठोस आधार के बिना कार्रवाई जारी रखना उत्पीड़न**

अदालत ने पाया कि दोनों पक्ष लंबे समय तक संबंध में रहे और बार बार शारीरिक संबंध बने, जो आपसी सहमति की ओर संकेत करते हैं। ऐसे में ठोस आधार के बिना आपराधिक कार्यवाही जारी रखना आरोपी के उत्पीड़न के समान होगा। इसी आधार पर अदालत ने देहरादून के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित मामला और 22 जुलाई 2023 का आरोप पत्र पूरी तरह रद्द कर दिया।

### दो शादियां कीं, दूसरी पत्नी रहती थी अलग

# दूसरी पत्नी के मासूम बेटे का पिता ने ही कर दिया सौदा

एजेंसी ▶▶| बालासोर

ओडिशा के बालासोर से झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता पर अपने ढाई साल के बेटे को एक लाख रुपये में बेचने का आरोप लगा है। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। एजेंसी के अनुसार, घटना बालासोर के नीलगिरी नोटिफाइड एरिया काउंसिल के बारीसाही गांव की बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, बेहरा ने दो शादियां की हैं और बेचा गया बच्चा उसकी दूसरी पत्नी से जन्मा था, जो उससे अलग रह रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क और संभावित मानव तस्करी के एंगल से भी जांच कर रही है।

### आर्थिक तंगी के कारण बेचना बताया

पुलिस के अनुसार, आरोपी पिता की पहचान कर ली गई है, वह पेशे से राजमिस्त्री है। आरोप है कि उसने सौदे के तहत 50 हजार रुपये की पहली किस्त भी ले ली थी। पूछताछ में उसने आर्थिक तंगी को इस कदम का कारण बताया। उसने कहा कि उसके चार बच्चे हैं और परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। एक परिचित व्यक्ति ने कथित तौर पर खरीदार से संपर्क कराया था।

# ‘वकील साहब, मत जाइए, आपकी जरूरत पड़ेगी’, सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पारदीवाला ने रोका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की एक शांत अदालत, सब कुछ आर्डर-आर्डर के हिसाब से चल रहा। पीठासीन जस्टिस भी ऐसे जो अपनी सख्ती के लिए जाने जाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला के सामने एक मामला आया। एक इंजीनियर साहब 37 लाख के अजब-गजब हिसाब में गूगल मैप्स की तरह शीर्ष अदालत को ही घुमाना शुरू कर देते हैं। हद तो ये है कि खुद जस्टिस पारदीवाला को बचाव के लिए अधिवक्ता महोदय को अदालत में रोकना पड़ा। उन्होंने कहा, वकील साहब मत जाइए, मुझे आपकी जरूरत पड़ेगी।

**जब माय लॉर्ड को कहना पड़ा-अपना मुंह बंद रखिए :** जस्टिस पारदीवाला अपनी सहनशीलता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने इंजीनियर साहब को खूब सुना, लेकिन जब उन्होंने आदेश लिखवाना शुरू किया, तो साहब फिर से बीच में कूद पड़े। जज साहब ने कई बार समझाया, पर याची लगातार अपनी दलीलें देता रहा। आखिरकार, जस्टिस पारदीवाला ने सख्त लहजे में कहा कि अपना मुंह बंद रखिए और मुझे आदेश लिखवाने दीजिए! आपका व्यवहार बता रहा है कि आप नौकरी के लायक ही नहीं हैं।

## अपनी सहनशीलता के लिए जाने जाते हैं जस्टिस पारदीवाला

### जस्टिस के सवाल पर याची बनाने लगा बहाने

मामला सीमा सड़क कार्य बल के एक मैकेनिकल इंजीनियर की बहाली और उनके बकाये वेतन से जुड़ा था। हाईकोर्ट के आदेशानुसार उन्हें करीब 37 लाख रुपये का भुगतान होना था। जब जस्टिस पारदीवाला ने सीधे सवाल किया कि क्या आपको अपनी राशि प्राप्त हो गई है? तो याची ने सीधा जवाब देने के बजाय बातों की जलेबी बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके कोलकाता वाले बैंक खाते में पैसे नहीं आए हैं। जब अदालत ने थोड़ा और जोर देकर पूछा, तब विभाग के वकील ने पोल खोली कि पैसे तो राजौरी वाले खाते में भेजे जा चुके हैं। आखिरकार याची को स्वीकार करना पड़ा कि हां, राजौरी वाले खाते में रकम मिल गई है।



### जस्टिस ने आंखों से समझाया इसलिए आपको रुकने कहा था

जस्टिस पारदीवाला के सख्त लहजे से याची थोड़ा सकपका गया। फिर जज साहब ने वकील की ओर देखा और मानो अपनी बात का सबूत देते हुए कहा कि इसीलिए मैंने आपको रुकने को कहा था। जज साहब को पता था कि जब मुवक्किल कानून से ज्यादा अपनी कहानियों पर भरोसा करने लगे, तो सिर्फ उनका वकील ही उन्हें मर्यादा में रख सकता है।

## फरार आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें, ‘अनावश्यक’ इस्तेमाल रोकें

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वे उन आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें जो फरार हो जाते हैं। कोर्ट ने फरार आरोपियों के लिए कहा कि ये ट्रायल पूरा होने पर अपने सह-आरोपियों के बरी होने के बाद गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और विजय बिश्नोई की बेंच ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें फरार आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी, उसे सरेंडर करने और रेगुलर बेल के लिए अप्लाई करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम बेल की राहत देना, एक बुरी मिसाल कायम करता है और यह संदेश देता है कि कानून का पालन करने वाले सह-आरोपी, जिन पर ट्रायल हुआ, ट्रायल की प्रक्रिया में लगन से शामिल होना गलत था। और इसके अलावा यह लोगों को बिना किसी सजा के कानून की प्रक्रिया से बचने के लिए बढ़ावा देता है। जज बिश्नोई ने कहा कि एक फरार व्यक्ति आमतौर पर अग्रिम बेल की राहत का हकदार नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शिअद में शामिल हुए भाजपा उपाध्यक्ष खन्ना

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगरूर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद



खन्ना शिअद में शामिल हो गए हैं। महाशिवरात्रि के दिन शिअद प्रमुख सुखबीर बादल अरविंद खन्ना के संगरूर स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और अरविंद खन्ना को पार्टी में शामिल करवाया।

### सराज में जीप दुर्घटनाग्रस्त 3 युवकों की मौत

**थुनाग (मंडी)।** हिमाचल प्रदेश के सराज में 4 में से 3 युवकों की जीप दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौत हो गई। चारों बगस्याड़-रहीधार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल पहुंचने के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई।

### मणिपुर के उखरुल में फिर गोलीबारी

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के लिटन इलाके में शनिवार को फिर से उपद्रवियों ने गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे तंगखुल नगा स्वयंसेवकों ने 12-बोर के हथियार से लगभग 12 राउंड फायरिंग की। इस घटना से जनता में दहशत फैल गई। पुलिस ने कुकी और नगा समुदायों से अपील की है कि वे तनाव बढ़ाने वाली अफवाहें न फैलाएं।

### दोनों देशों के बीच सकारात्मक जुड़ाव का पहला कदम

# तारिक के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जाएंगे पीएम मोदी, भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बिरला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के 17 फरवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत नहीं करेंगे। उनकी जगह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने रविवार को इसकी पुष्टि भी कर दी है। बता दें कि बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री मोदी समेत कई अन्य क्षेत्रीय नेताओं को रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था।

**सरकार ने जारी किया बयान :** विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा, भारत एक साझा इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसी देशों के रूप में बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नेतृत्व में सरकार के गठन का स्वागत करता है, जिनकी दूरदृष्टि और मूल्यों को जनता का भारी जनादेश प्राप्त हुआ है। रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा अध्यक्ष बिरला की उपस्थिति इस बात को रेखांकित करती है कि बांग्लादेश के साथ भारत अपने संबंधों को कितना महत्व देता है।





### चुनाव में बीएनपी को मिला भारी बहुमत

बीएनपी ने संसद की 297 सीटों में से 209 सीटें जीतकर लगभग 2 दशकों बाद सत्ता में वापसी का रास्ता साफ कर दिया। दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी को 68 सीटें मिलीं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। मतदान प्रतिशत 59.44 रहा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे रहमान ने अपनी पार्टी के अभियान में केंद्रीय व्यक्ति के रूप में उभरने से पहले लंदन में 17 साल स्वेच्छा से निर्वासन में बिताए थे।

### इन नेताओं के शामिल होने की संभावना

बांग्लादेश राष्ट्रीय परिषद के अनुसार, नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री रहमान के 17 फरवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में भारत के साथ इन्य देशों के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, पाकिस्तान, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी के अनुसार, इस शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ इन सभी देशों के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

### बीएनपी ने भारत के साथ संबंध बहाल करने की जताई इच्छा

जुलाई 2024 में हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। हसीना ने भारत में शरण ली थी और बांग्लादेश ने बार-बार उनके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था। हिंदुओ पर हमले ने तनाव को और बढ़ा दिया था। हालांकि, चुनाव के नतीजों के बाद रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी ने भारत के साथ संबंध बहाल करने की इच्छा जताते हुए राजनयिक सहयोग फिर से शुरू करने की बात कही है।

## पीएम मोदी इस कारण नहीं जा रहे बांग्लादेश

पहले ऐसी चर्चाएं थीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं इस समारोह में शिरकत कर सकते हैं, लेकिन अपनी पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं के कारण वे ढाका नहीं जा पाएंगे। एआई इम्पैक्ट समिटः भारत में आयोजित हो रहे इस बड़े अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शिरकत कर रहे हैं। मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठकः 17 फरवरी को ही मुंबई में पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक प्रस्तावित है।



### पीएम मोदी ने फोन पर दी थी बधाई

केंद्र सरकार ने लोकसभा स्पीकर और विदेश सचिव को भेजकर यह संदेश दिया है कि भारत बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने में कोई देरी नहीं करना चाहता। इससे पहले, चुनावी जीत पर तारिक रहमान को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे फोन पर बात की थी जो दोनों देशों के बीच सकारात्मक जुड़ाव का पहला संकेत था। मोदी व तारिक ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की प्रतिबद्धता दोहराई।

### उठा शेख हसीना का मुद्दा

चुनाव परिणाम आने के बाद भी बीएनपी के कुछ नेताओं ने भारत में शरण लिये पूर्व पीएम शेख हसीना का मुद्दा उठाया है और आगे इस मुद्दे को लेकर नई सरकार क्या रवैया अपनाती है, यह बहुत कुछ दोनों देशों के संबंधों की दिशा को तय करेगा। साथ ही तारिक रहमान सरकार से भारत यह भी गारंटी चाहेगा कि पूर्व की तरह बीएनपी के कार्यकाल में बांग्लादेश को भारत विरोधी गतिविधियों का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा।

### 60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी

# देश की ‘पहली किन्नर’ शंकराचार्य का पट्टाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि पर रविवार को भोपाल में किन्नर धर्म सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का पट्टाभिषेक किया गया। हिमांगी सखी मां वैष्णो किन्नर अखाड़ा की प्रमुख हैं। आयोजकों के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राजस्थान के पुष्कर पीठ का चयन देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में किया गया है, इस दौरान बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के प्रतिनिधि, संत-महात्मा और विभिन्न राज्यों से आए अनुयायी मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान धर्म परिवर्तन कर चुके 60 किन्नरों की घर वापसी कराई गई। मंच से कहा गया कि मुस्लिम बने कुछ किन्नरों ने शुद्धिकरण की प्रक्रिया के साथ पुनः हिंदू धर्म स्वीकार किया। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मौके पर 4 जगद्गुरु और 5 महामंडलेश्वर घोषित किए गए।



- पुष्कर पीठ पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ होगी

### महाशिवरात्रि के दिन पुजारी की हत्या

# आरोपी ने छाती पर पैर रखा, बके से गर्दन काटी

एजेंसी ▶▶ सीधी

जिले के कुसमी क्षेत्र में बका से हमला कर पुजारी की हत्या कर दी गई। मृतक इंद्रभान द्विवेदी (75) तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे रविवार सुबह 8 बजे महाशिवरात्रि की पूजा कर मोपेड से घर लौटे रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने अचानक चलती मोपेड पर अटैक किया, जिससे इंद्रभान गिर गए। आरोपी लाला केवट (55) ने पुजारी की छाती पर पैर रखा और बके से गर्दन काट दी। उसने सीने और गले पर 8 वार किए। वारदात के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने पकड़ लिया। मृतक के भतीजे धीरेश द्विवेदी ने बताया कि चाचा रोज हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं और 10 बजे तक लौट आते हैं। महाशिवरात्रि होने की वजह से पहले ही चले गए थे। पूजा के बाद वे सुबह 8 बजे लौट रहे थे। इसी दौरान लाला केवट ने चलती हुई गाड़ी मे वार किया। पुलिस प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश सहित अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है।



### अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले- भारत नहीं खरीदेगा रूसी तेल

# जयशंकर का जवाब- हम बाहरी दबाव में फैसले नहीं करते, हमारे हित, हमारे अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद को लेकर भारत और अमेरिका के बीच मतभेद एक बार फिर सामने आए हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया कि भारत ने वॉशिंगटन को भरोसा दिया है कि वह रूस से अतिरिक्त तेल नहीं खरीदेगा। रुबियो ने 14 फरवरी को रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की ओर से यह आश्वासन दिया गया है कि नए तेल सौदे नहीं किए जाएंगे, हालांकि मौजूदा ऑर्डर प्रक्रिया में बने रहेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। इस बयान पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसी सम्मेलन के अगले सत्र में स्पष्ट और संतुलित प्रतिक्रिया दी। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ चर्चा में जयशंकर ने कहा कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और देश किसी भी तरह के बाहरी दबाव में अपने फैसले नहीं करता। जयशंकर ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति उपलब्धता, लागत और जोखिम जैसे व्यावहारिक कारकों पर आधारित होती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, वैश्विक ऊर्जा बाजार बेहद जटिल है। भारत की तेल कंपनियां वही निर्णय लेंगी, जो उन्हें अपने सर्वोत्तम राष्ट्रीय और व्यावसायिक हित में लगता है। विदेश मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि भारत के पास ऐसे फैसले लेने का पूरा अधिकार है, जो पश्चिमी विचारधारा से मेल न भी खाते हों।



### सबरीमाला मंदिर का मुद्दा फिर गरमाया

# महिलाओं के प्रवेश पर सरकार से मांगा जवाब, आज कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। विपक्ष ने सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार से साफ रुख बताने की मांग की है। सवाल यह है कि सरकार अदालत में महिलाओं के प्रवेश का समर्थन करेगी या अपना पुराना हलफनामा वापस लेगी।

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है। नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने सीएम विजयन से पूछा कि क्या सरकार अब भी सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने पुराने हलफनामे के साथ खड़ी है।



सबरीमाला मंदिर

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत से कई समझौते करेंगे

# भारत-फ्रांस साथ बनाएंगे हेलीकॉप्टर और हैमर बम, मैक्रों के दौरे के दौरान होगी बड़ी डिफेंस डील, बेचैन हुआ पाकिस्तान

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने किया था हैमर बम का इस्तेमाल
- दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग पर करार होगा

> फ्रांस की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरू में साझा निर्माण करने जा रही है. इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई समिट में शामिल होने भारत आ रहे फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (17-19 फरवरी) के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में अहम करार होने जा रहे हैं। इनमें साझा हेलीकॉप्टर के निर्माण से लेकर हैमर बम बनाना शामिल है. माना जा रहा है कि इस दौरान, मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 114 मेक इन इंडिया राफेल फाइटर जेट को लेकर भी अहम घोषणा कर सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि फ्रांस (यूरोप) की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरू के करीब वेमागल (कर्नाटक) में साझा निर्माण करने जा रही है। इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री प्लांट में मौजूद रहेंगी। इन एलयूएच हेलीकॉप्टर को भारतीय सेना के लिए बनाया जाएगा। मैक्रों के साथ भारत के दौरे पर आ रही फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरिन वातारिन,17 फरवरी को बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हैमर बम को भारत में बनाने को लेकर होने वाले करार के दौरान भी मौजूद रहेंगी। फ्रांस की साफरान कंपनी इन हैमर बम का निर्माण करती है और इन्हें राफेल से लॉन्च किया जाता है।



### *रफेल के भारत में निर्माण को मिली हरी झंडी*

*रक्षा मंत्रालय की अपेक्स कमेटी, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार (12 फरवरी 2026) को मेक इन इंडिया के तहत, फ्रांसीसी फाइटर जेट रफेल के भारत में निर्माण को लेकर हरी झंडी दी थी। इस डील के तहत, फ्रांस की दसॉल्ट कंपनी, किसी स्वदेशी (भारतीय) कंपनी के साथ मिलकर भारत में 114 रफाल फाइटर जेट बनाएगी। माना जा रहा है कि मैक्रों के दौरे के दौरान, दोनों देश इस मेक इन इंडिया रफाल लड़ाकू विमान को लेकर अहम घोषणा कर सकते हैं।*



## चिंतन

# मोदी को न्योता बांग्लादेश की एक सार्थक शुरुआत

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उभरता राजनीतिक परिदृश्य दक्षिण एशिया की कूटनीति के लिए अहम संकेत दे रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा जाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है संवाद, संतुलन और सहयोग की नई संभावनाओं का। यानी बांग्लादेश ने मोदी को न्योता देकर एक सार्थक शुरुआत की है, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बनी रहेगी या कुछ नरमाहट आएगी यह तो भविष्य पर निर्भर है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहमान के शपथ समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उसी दिन मुंबई में उनकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित द्विपक्षीय बैठक है, लेकिन भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की उपस्थिति यह स्पष्ट करती है कि नई दिल्ली इस परिवर्तन को गंभीरता से ले रही है। तारिक की ताजपोशी कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। 36 वर्षों में पहली बार बांग्लादेश को पुरुष प्रधानमंत्री मिलने जा रहे हैं। 20 साल के निर्वासन के बाद देश लौटकर उन्होंने कम समय में जनता का विश्वास अर्जित किया और बीएनपी को प्रचंड बहुमत दिलाया है। यह जनादेश केवल सरकार बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नीति-प्राथमिकताओं में संभावित बदलाव की ओर भी इशारा करता है। शपथ ग्रहण समारोह इस बार पारंपरिक राष्ट्रपति भवन के बजाय ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है। यह स्थान परिवर्तन भी एक प्रतीक है संभवतः अधिक सार्वजनिक और खुली राजनीतिक संस्कृति का। पड़ोसी देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजना बताता है कि रहमान सरकार क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता देना चाहती है। भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से गहरे रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आज तक दोनों देशों के बीच सहयोग का एक मजबूत आधार रहा है। पिछले एक दशक में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन यह भी सच है कि दोनों देशों के रिश्ते समय-समय पर राजनीतिक बदलावों के साथ नए मोड़ लेते रहे हैं। तारिक ने शपथ से पहले स्पष्ट कहा है कि भारत के साथ वार्ता में बांग्लादेश के हित सर्वोपरि रहेंगे। यह बयान किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वाभाविक प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ उन्होंने चीन को भी विकास साझीदार बताया है। यहीं से नई सरकार की संतुलन नीति का संकेत मिलता है। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता और भारत की पारंपरिक भूमिका के बीच बांग्लादेश का संतुलन साधना आसान नहीं होगा। बीएनपी के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर का यह कहना कि भारत के साथ संबंधों की नई शुरुआत हो सकती है, सकारात्मक संकेत है, परंतु चुनाव जीतते ही शेख हसीना की वापसी की मांग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नई सरकार कुछ मुद्दों पर आक्रामक रुख अपना सकती है। ऐसे में आने वाले समय में नई दिल्ली और ढाका के बीच संवाद की गुणवत्ता ही तय करेगी कि रिश्ते किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुल मिलाकर यह कहना जल्दबाजी होगी कि नई सरकार का रुख कैसा रहेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। अब देखना यह है कि आगे की कहानी सहयोग की होगी या प्रतिस्पर्धा की।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई नए आधार वर्ष के पैमाने में

सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2.75% हो गई, जो दिसंबर में 1.33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2. 75% हो गई, जो दिसंबर में 1. 33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। इस दौरान, मई 2025 में यह 2. 82% तक पहुंच गई थी।

महंगाई का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि मांग और आपूर्ति का संतुलन कैसा है। जब लोगों के पास अधिक पैसे होंगे, तो वे अधिक वस्तुएं खरीदेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है, तो महंगाई घट जाएगी। सरकार आमतौर पर हर 5 से 10 वर्षों में नया आधार वर्ष चुनती है, जो साल सूखा, बाढ़, महामारी या अत्यधिक महंगाई से मुक्त हो। पुराने सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं का वेटेज लगभग 50% था, जिसे अब घटाकर 36. 8% कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिसे कीमतों के लिए मानक या आधार माना जाता है। इसका अर्थ है कि उस वर्ष की वस्तुओं की औसत कीमत को 100 माना जाता है। फिर, अन्य वर्षों की कीमतों की तुलना उसी आधार वर्ष से की जाती है। इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या कम हुई है। उदाहरण के लिए, यदि 2022 को आधार वर्ष माना जाए और उस वर्ष एक किलो आलू की कीमत 50 रुपये थी, और 2025 में वह बढ़कर 80 रुपये हो गई, तो महंगाई दर = (80-50)/50×100 = 60% है। यह फॉर्मूला खुदरा महंगाई या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में उपयोग होता है। हालांकि, यह बाजार के सभी सामानों पर समान रूप से लागू नहीं होता है। महंगाई को मापने के लिए एक बकेट में वैसी वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है, जो महंगाई को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस क्रम में हर वस्तु को उपभोक्ता के बजट में उसके महत्व के आधार पर भार दिया जाता है। सीपीआई सूचकांक की मदद से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर महीने खुदरा महंगाई की गणना करता है, जिसमें ऐसी वस्तुएं और सेवाएं शामिल होती हैं, जिनका इस्तेमाल आम लोग ज्यादा करते हैं, जैसे कि खाद्य, कपड़े, आवास, ईंधन, स्वास्थ्य आदि। यह सूचकांक इन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जो आधार वर्ष 2012 के संदर्भ में होते थे और अब ये 2024 के संदर्भ में होंगे। विकास को सुनिश्चित करने के लिए महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है ताकि जनता की घटती क्रय शक्ति, स्थिर आय, और जीवन यापन की लागत का सही आकलन किया जा सके। इससे उपयुक्त वित्तीय योजना, निवेश की सुरक्षा, मजदूरी की उचित मांग और सरकार के लिए सही मौद्रिक नीतियों का निर्धारण आसान हो जाता है। जब महंगाई का चित्र स्पष्ट होता है, तो सरकार सही कदम लेकर इन पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे आम जनता के नुकसान को रोका जा सकता है। महंगाई बढ़ने से पैसे का मूल्य घट जाता है, और इससे पता है कि हमें कितनी ज्यादा कमाने या बचत करने की जरूरत है।

अगर महंगाई अधिक हो, तो निवेश का रिटर्न नकारात्मक हो जाता है। वहीं, सही महंगाई दर जानकर



सोना, शेयर जैसे बेहतर निवेश के विकल्प को चुनने में आसानी होती है। महंगाई के सही आंकड़ों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरी वस्तुओं पर इसके असर को समझा जा सकता है। सरकारें इन आंकड़ों की मदद से ब्याज दरें और करों में बदलाव करती हैं। आंकड़ों के गलत रहने से सरकारी नीतियां जनता के लिए हानिकारक हो सकती हैं। जब महंगाई स्थिर नहीं रहती, तो जनता को सही आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। पिछले एक दशक के दौरान लोगों की जीवनशैली, खर्च करने के तरीके और लोगों के दैनिक आवश्यकताओं में आमूल-चूल बदलाव आया है। इसलिए, 2012 का आधार वर्ष महंगाई की सही तस्वीर नहीं दिखा पा रहा था। आंकड़े वास्तविक आयों के लिए सूचकांक में वस्तुओं और सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले सूचकांक में 299 वस्तुएं थीं, जिन्हें नए ढांचे में बढ़ाकर 358 कर दिया गया है। नए सूचकांक की मुख्य विशेषता है कि यह उन वस्तुओं और सेवाओं को शामिल करता है जिन पर आज अधिकांश लोग खर्च कर रहे हैं।

अब, स्मार्टफोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। इस सूचकांक में नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नया आधार वर्ष लाने का मकसद है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। इस बदलाव से गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके। नए सूचकांक में ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म से वस्तुओं की कीमतों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। हवाई किराए, बिजली दरें, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं और शॉपिंग की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा।

इसी तरह, इन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव का प्रभाव भी महंगाई के आंकड़ों में दिखाई देगा। ग्रामीण इलाकों में घर के किराए को सूचकांक में शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण महंगाई की तस्वीर और भी ज्यादा साफ होगी। इनके अलावा, वे वस्तुएं, जिनका उपयोग आज नहीं किया जाता है, जैसे वीडियो और ऑडियो कैसेट आदि, महंगाई मापने वाली सूची से हटा दी गई हैं। महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना बहुत जरूरी है। अगर इसे गलत तरीके से पेश किया गया, तो यह न सिर्फ जनता को परेशान कर सकता है, बल्कि विकास में भी बड़ी बाधा बन सकता है।

जब महंगाई की दर बढ़ती है, तो भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर को कम नहीं करता, जिससे बैंकों को सस्ती पूंजी नहीं मिलती और उन्हें उच्च ऋण दर पर ऋण देना पड़ता है। इससे उधार लेने की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है, और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियां मंद हो जाती हैं। इसलिए, महंगाई का सही स्तर समझना अनिवार्य है। इसके साथ ही, आधार वर्ष में बदलाव और बकेट में उपयोगी वस्तुओं को शामिल करने से महंगाई की सच्चाई सामने आ सकती है, और सही उपाय अपनाकर विकास की गति बढ़ाई जा सकती है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# क्योटो प्रोटोकॉल : जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियां और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है। इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। बता दें कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423–425 पीपीएम तक पहुंच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था। इसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएं विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। आज जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच यह समझौता दुनिया को उत्सर्जन नियंत्रण की जिम्मेदारी याद दिलाता है। संक्षेप में, क्योटो प्रोटोकॉल आधुनिक वैश्विक जलवायु नीतियों का आधार माना जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जब मन अशांत हो तो इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## काम शुरू करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### महाशिवरात्रि : भीतर के अंधकार से संवाद

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह विराट क्षण है जहां आस्था, दर्शन और आत्मबोध एक-दूसरे से संवाद करते हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की यह चतुर्दशी, शिव-तत्त्व के स्मरण और साधना का पर्व है- वह शिव, जो संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और कल्याण के अधिष्ठाता हैं। भारतीय दर्शन में शिव को आदि और अनंत के प्रतीक के रूप में देखा गया है। वे न केवल सृष्टि के संहारक हैं, बल्कि नवसृजन के भी मूल स्रोत हैं। शिव का डमरु ब्रह्मांड की लय को उद्घोषित करता है, गंगा का अवतरण करुणा का प्रतीक है और भस्म-विभूषण यह संदेश देता है कि भौतिकता अंततः नश्वर है। महाशिवरात्रि की रात्रि जागरण और साधना की रात्रि है।

*- जगदीश पाठक, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

### नाइजीरिया में हुई मछली पकड़ने की प्रतियोगिता

नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में स्थित अर्गुंगु शहर में हरियाली के बीच बहने वाली मतान फदान नदी में शनिवार को हजारों मछुआरे मछली पकड़ने के पारंपरिक पर्व में शामिल हुए। राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू सहित हजारों दर्शकों ने सबसे बड़ी मछली पकड़ने की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। हालांकि सुरक्षा संबंधी कारणों से कुछ लोगों ने उत्सव से दूरी बनाए रखी। इस पर्व पर मछली पकड़ने के लिए लोगों ने हाथ से बुने जाल और लौकी से बने बर्तन जैसे केवल पारंपरिक समानों का इस्तेमाल किया। कुछ ने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए केवल हाथों से ही मछली पकड़ी। इस साल के विजेता ने 59 किलोग्राम की क्रोकर मछली पकड़ी। प्रतियोगिता के विजेता को नकद इनाम दिया जाता है, जबकि बाकी प्रतिभागी अपनी पकड़ी मछलियां बेचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। साल के बाकी समय इस नदी में किसी को जाने की अनुमति नहीं होती और इसकी देखरेख एक पदवीधारी प्रमुख करते हैं, जिन्हें 'सरकिन रुवा' यानी पानी का मुखिया कहा जाता है। मछली पकड़ने की प्रतियोगिता वार्षिक अंतरराष्ट्रीय मछली पकड़ने के उत्सव का समापन था। पर्व के दौरान पारंपरिक कुश्ती, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।



## ऑफ बीट

### रूमाल या टिश्यू, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं। लेकिन कई अध्ययनों से पता चला है कि वे श्वसन एरोसोल को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर नहीं करते हैं।



## ट्रेंड

### कांग्रेस की बौखलाहट

कांग्रेस ने कभी देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। इसलिए आज जब हम अपनी सीमाओं पर शानदार हाईवे, टनल्स, ऊंचे-ऊंचे ब्रिज और आधुनिक एयरफील्ड्स के साथ देश की सुरक्षा को बढ़ा रहे हैं, तो वो बौखलाहट से भर गई है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### शिक्षा से रोजगार तक

औद्योगिक विकास के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखा गया है, उद्योग-अकादमिक साझेदारी, अप-स्किलिंग, एआई और डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया गया है, ताकि शिक्षा से रोजगार तक का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिलें।

**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**



### किसानों से विश्वासघात

हम अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के नाम पर भारत के किसानों के साथ हो रहे विश्वासघात को देख रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं,. डीडीजी आयात करने का असल मतलब क्या है? क्या इसका मतलब भारतीय पशुओं को जीएम अमेरिकी मक्के से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा?

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### सोलर से समृद्धि

दिल्ली ने सोलर से समृद्धि का रास्ता प्रशस्त कर लिया है। अब किसान बिना एनओसी के कृषि भूमि पर सोलर पैनल लगा सकते हैं। हमारी सरकार ने प्रक्रिया आसान कर दी है ताकि किसानों की आय बढ़े।


**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# महेश बाबू ने लॉन्च किया भव्यता रहस्य से भरा नागबंधम का टीजर

**नई दिल्ली।** 'ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त...', यह दमदार लाइन 'नागाबंधम' की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहां दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का मचअवेटेड टीजर महेश बाबू ने रिलीज किया। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ नजर आ रहा है।

लाइफ Style

# सारा अर्जुन

## शेयर की अहम सूचना, सतर्क रहने की दी हिदायत

धुरंधर अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है। फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। 'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है। सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।



# भंसाली और मेहता साथ आए जय सोमनाथ के लिए मिलाया हाथ

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ' के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा।



फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।

# एक्टर्स को एआई से हो सकता है नुकसान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल प्ले किए हैं। उन्होंने पर्दे पर कॉमेडी से लेकर बतौर एक्टर और विलेन का किरदार निभाया है। अभिषेक प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। ऐसे में अभिषेक बच्चन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपनी राय दी है कि यह कैसे 'एक्टर्स के लिए नुकसानदायक' हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि एआई उन्हें डराता है, और कहा कि वह इसके साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। अभिषेक ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'एआई मुझे डराता है। हर एक्टर को इससे डर लगना चाहिए। क्रिएटिव काम में एआई बहुत कुछ बदल देगा। अगर इसे सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो एक्टर्स के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। एनिमेशन, स्पेशल इफेक्ट्स आदि में एआई बहुत फायदेमंद है। इससे हमारा काम का समय कम होगा और फिल्म का बजट भी घट सकता है।' अभिषेक क्रिएटिव नजरिए को लेकर बोले, 'मैंने कई एआई से बनी चीजें देखी हैं। वो बहुत अच्छी लगती हैं, लेकिन उनमें जान नहीं होती। इंसान की वो कमी जो हमारी खूबसूरती है, वो एआई में नहीं होती। मुझे लगता है कि मेडिकल और कानूनी क्षेत्र में एआई से बहुत बदलाव आएंगे।






# यश की टॉक्सिक हो सकती है पोस्टपोन

**मुंबई।** यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कारण बताते हुए फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च की जगह आगे बढ़ने की बात कही गई है।। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बीच जबरदस्त क्लैश हो रहा था। इस साल मार्च में इस साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस टक्कर होने वाली है। रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक एक ही दिन 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। दोनों ही बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका इंतजार हो रहा है। ट्रेड एनालिस्ट पहले ही बता चुके हैं कि इस क्लैश से एक को तगड़ा नुकसान हो सकता है। इस क्लैश को टाले जाने पर बातचीत होने की खबर थी। लेकिन, अब एक रेडिट गॉसिप सामने आई है। इसके मुताबिक टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक धुरंधर 2 और टॉक्सिक 19 मार्च को रिलीज हो रही थीं। लेकिन अब टॉक्सिक की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टॉक्सिक को कन्नड़ और इंग्लिश भाषा में एक साथ ही शूट किया गया था जिससे विदेश ऑडियंस को भी टारगेट किया जा सके। लेकिन, डिस्ट्रीब्यूशन से जुड़े सूत्र का कहना है कि फिल्म को इंग्लिश में रिलीज करने के लिए अभी कोई स्ट्रेटजी नहीं बनाई गई है। फिल्म का बजट 600 करोड़ से ज्यादा का है। इस रिपोर्ट में ये भी जानकारी दी गई है कि 20 मार्च को हेल मैरी रिलीज हो रही है।

# रामायण के बाद रिलीज होगी लव एंड वॉर

**मुंबई।** रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुए। यहां उन्होंने फैंस से बातचीत की और अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में खास अपडेट्स शेयर किए। सेशन के दौरान, रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि 'रामायण' उनकी अगली रिलीज होने वाली फिल्म है। उन्होंने आगे बताया कि



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' उसके बाद रिलीज होगी। 'लव एंड वॉर' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रणबीर कपूर के स्पष्टीकरण के बाद अब इसके इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होने की संभावना है। उम्मीद है कि यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## टीवी मसाला



# कीकू ने पत्नी प्रियंका के साथ किए राम लला के दर्शन

**नई दिल्ली।** कीकू शारदा इन दिनों अपनी कॉमेडी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4' के जरिए ऑडियंस का दिल जीत रहे हैं। कीकू ने कॉमेडी शोज और एक्टिंग के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। इस पॉपुलैरिटी और सक्सेस को वह फैमिली के साथ एन्जॉय करते हैं। इसके लिए वह भगवान का आभार भी जताते हैं। उन्होंने राम लला के दर्शन किए और तस्वीरें शेयर की हैं। कीकू शारदा की अयोध्या की इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रियंका शारदा भी रहीं। कीकू ने अयोध्या में रामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन और सरयू आरती के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किया और एक आस्था से भरा नोट भी शेयर किया है। कीकू शारदा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'अयोध्या में राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव की यात्रा थी. राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी बारीक नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और विश्वास को दर्शाती है।' कीकू शारदा ने आगे लिखा, 'राम लला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर गहरी शांति थी, एक मौन प्रार्थना थी- कृतज्ञता, आशा और समर्पण की। वहां से हम पवित्र सीढ़ियां चढ़कर हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां की ऊर्जा शक्ति और सुरक्षा की थी। कीकू शारदा ने लिखा, भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी लगा, जैसे यह याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल भी है और साहसी भी। ऊपर से अयोध्या का विहंगम दृश्य उस पल की शांति को और बढ़ा देता है।

## बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित

**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर कविता चौधरी को दुनिया 'ललिता जी' और 'कल्याणी सिंह' के नाम से जानती है। भारतीय टेलीविजन की एक दमदार पहचान थीं। उन्होंने 'उड़ान' सीरियल के जरिए अपनी बहन (देश की दूसरी महिला IPS) की कहानी पेश करके लाखों लड़कियों को सिविल सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने सर्फ के विज्ञापन में 'ललिता जी' बनकर एक समझदार महिला के रूप में खुद को स्थापित किया। एनएसडी से शिक्षित कविता ने कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 2024 में दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका काम आज भी महिलाओं के लिए हौसले की मिसाल है। 80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी' के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है। कविता की शुरुआत दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से हुई थी, जहां अनुपम खेर और सतीश कौशिक जैसे दिग्गज उनके क्लासमेट थे। बाद में उन्होंने न सिर्फ एक्टिंग की, बल्कि उस दौर में निर्देशन की कमान भी संभाली जब महिलाओं के लिए यह रास्ता बहुत कठिन था।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण
• आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी,
• सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण)
• गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

**समापन :** भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री साय ने पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया

# राजिम कुंभ मेला-स्थल को भव्य बनाएंगे : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम के त्रिवेणी संगम तट स्थित नवीन मेला मैदान, राजिम-चौबेबांधा में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 का भव्य समापन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच पर भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अपने उद्बोधन की शुरुआत उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव, राजिम दाई, छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता के जयघोष के साथ की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम की पावन भूमि, जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का दिव्य संगम होता है, सदियों से तप, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाना इसकी आध्यात्मिक गरिमा को दर्शाता है। भगवान शिव त्याग, साधना और सेवा के प्रतीक हैं और उनका संदेश आज के समय में संतुलन, संयम और समर्पण का मार्ग दिखाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवागमन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले वर्षों में राजिम कुंभ मेला-स्थल को और अधिक सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाया जाएगा तथा इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक आयोजन के रूप में स्थापित किया जाएगा।



## कुंभ कल्प सामाजिक समरसता का उत्सव

मुखयमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और युवा पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का विराट उत्सव है। इस वर्ष पंचकोसी धाम और द्वादश ज्योतिर्लिंग की थीम ने आयोजन को विशेष स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि संतों के आशीर्वाद को समाज के नैतिक मार्गदर्शन का आधार कहा तथा किसानों की समृद्धि के लिए भगवान राजीव लोचन और कुलेश्वर नाथ से प्रार्थना की। आयोजन से जुड़े प्रशासन, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत उत्सव है।

## महाशिवरात्रि पर नागा सहित साधु- संतों ने निकाली शोभायात्रा



राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागा बाबाओं, साधु-संतों, विभिन्न अखाड़ों ने शाही स्नान के लिए ऐतिहासिक शोभायात्रा संत समागम स्थल परिसर से सुबह 7 बजे निकाली। इस शोभा यात्रा में समस्त नागा, साधु-संतों के साथ मंत्री राजेश अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकियों शाही बग्गी, घोड़ों में विभिन्न साधु-संत सवार थे। शोभायात्रा संत समागम स्थल से शुभारंभ होकर श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीछे मार्ग से नेहरू बाल उद्यान होते हुए, इंदिरा मार्केट, राजिम पुल, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गौरवपथ राजिम, वीआईपी मार्ग होते हुए मेला परिसर में बने शाही कुंड में पहुंचे। शोभायात्रा का स्वागत नवापारा और राजिम में विभिन्न चौक चौराहों में फूल बरसा कर किया गया।

**महान नदी से दिन रात हो रहा उत्खनन**

# तस्करों के हौसले बुलंद, जब्त की गई रेत को भी बेच दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



क्षेत्र में तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की वे अब जब्त की गई रेत को भी बेचने से परहेज नहीं कर रहे है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड के नरसिंहपुर से सामने आया है जहां नदी किनारे घाटों से तस्कर बेखौफ होकर रेत की तस्करी कर रहे है इसके साथ ही तस्करों द्वारा जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द किए गए रेत की भी तस्करी कर दी गई। अब इस मामले में सरपंच ने जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर अधिकारी भी शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की बात कह रहे है।

बता दें कि विकासखंड के नरसिंहपुर स्थित महान नदी घाट से प्रतिदिन बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत उत्खनन कर तस्करी की जा रही है। तस्कर नदी से रेत निकालकर शंकरगढ़ के साथ ही लुंड्रा धौरपुर क्षेत्र में खपा रहे है। दिन रात नदी से मजदूर लगाकार ट्रैक्टर, टिपर वाहनों में रेत भरकर तस्करी की जा रही है। तस्करों के अवैध रेत उत्खनन से शासन को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है इसके साथ ही ग्राम पंचायत नरसिंहपुर को भी लाखों रूपए के राजस्व की हानी हो रही है। इसके साथ ही तस्कर रेत परिवहन के लिए जिन मार्गों का उपयोग कर रहे है उन क्षेत्रों में निवासरत पिछड़ी जनजाति के लोगों में खासी नाराजगी है। भारी वाहनों का आवागमन दिनभर जारी रहता है जिससे लोगों को ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### कार्रवाई की जाएगी

अवैध रेत उत्खनन रोकने हेतू एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। रेत उत्खनन रोकने हेतु प्रशासन के द्वारा राजपुर के दो घाट नीलामी हेतु दिया गया है। नीलामी में जो भी कागजात घट रहे हैं मंगाया जा रहा है, दो माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। सुपुर्द चीज को अगर किसी के द्वारा उठाव किया गया है तो सरपंच के द्वारा नाम बताने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

*-आरएस लाल*
*अपर कलेक्टर, बलरामपुर*

# निर्माणाधीन छज्जा गिरने से मां-बेटे की मौके पर ही मौत

**भटगांव।** भटगांव थाना क्षेत्र में दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार शाम 4 बजे ग्राम पंचायत गिरवानी के आश्रित ग्राम मधुबनकला में घर के आंगन में बैठकर बात कर रहे मां बेटे के ऊपर अचानक से निर्माणाधीन छज्जा गिर गया इसके चपेट में जाकर नीचे दबने से मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई मृतक की पहचान श्याम सुंदर बंजारे उम्र 55 वर्ष तथा उनकी मां का नाम ननकी भूरी बंजारे (75) के रूप में हुई है घटना के बाद भटगांव पुलिस को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद भटगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि शाम 4 बजे सूचना मिल की मधुबनकला गांव में घटना घटी है मौके पर जाकर देखा तो दो लोगों की मौत हो गई थी मृतक अपने घर के लेटर के सामने छज्जा को 6 महीना पहले बनाए थे जिसके अंदर छोटा बिंब लगाया था इसके साथ ही पीछे तरफ किसी भी प्रकार की सपोर्ट नहीं लगाया गया था साथ ही दीवाल में भी किसी भी प्रकार की कनेक्टिविटी नहीं थी इस कारण से अचानक से छज्जा गिर गया। फिलहाल दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलाईगढ़ भेज दिया गया है।



# सड़क दुर्घटना में ट्यूशन से लौट रहे सातवीं के छात्र की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमपुरा मुख्य मार्ग में शनिवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। ट्यूशन से घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार कार के चालक ने साईकल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक राजीव गांधी वार्ड आकाश नगर निवासी पवन पिल्लाई का पुत्र दक्ष पिल्लाई प्रतिदिन की तरह शाम को ट्यूशन से अपने घर एमपीएम अस्पताल की ओर आने के लिए अपने तीन दोस्तों के साथ साइकिल से एलआईसी रोड महारा समाज भवन की ओर से घर लौट रहा था। इसी दौरान धरमपूरा क्रमांक एक बाजार शेड की दिशा से तेज रफ्तार अज्ञात क्रेटा कार के चालक ने टक्कर मार दी।

### बस ने वाहनों को मारी टक्कर

शनिवार देर शाम हुए एक अन्य हादसे में स्कूटी सवार युवती घायल जानकारी के मुताबिक नशे में धुत्त चालक ने तेज रफ्तार से बस चलाते हुए सड़क पर खड़ी बाइक को चपेट में ले लिया, जिससे एक युवती घायल हो गई। बस चालक ने नियंत्रण खोने के बाद बस को एक बिजली के खंभे से भी टकरा दिया। घटना के बाद पुलिस ने घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया और बस चालक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि भारत ट्रेवल्स की बस का चालक हरेंद्र निषाद नशे की हालत में बस चला रहा था।

# लोन के नाम पर पांच लाख की ठगी आरोपी को जेल की सलाखों में भेजा

**कांकेर।** पर्सनल लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर खाताधारक से पांच लाख रूपएं की ठगी करने वाले आरोपी बरदेभाटा कांकेर निवासी लक्ष्मण साहू पिता स्व. रामाधीर साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। धोखाधड़ी का शिकायत लेकर कांकेर थाना पहुंचे अलबेलापारा कांकेर निवासी 52 वर्षीय छबीलाल मंडावी ने 14 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई। वर्ष 2025 में उन्होंने बैंक में पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया था। लक्ष्मण साहू ने स्वयं को लोन प्रक्रिया से जुड़ा बताकर विश्वास जीता और मोबाइल फोन में लोन से संबंधित ऐप डाउनलोड कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने प्रार्थी के नाम पर 6 लाख 39 हजार 456 रुपएं का लोन स्वीकृत कराया, परंतु राशि खाते में आने के बाद 9 फरवरी को 2 लाख 9 हजार रूपएं तथा 10 फरवरी को 3 लाख 70 हजार 54 रुपएं कुल 5 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर कर लिया।

- स्वीकृति के बाद दो किश्तों में अपने खाते में कर लिया ट्रांसफर


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** Hari group हेतु सिक्योरिटी गार्ड - 40 सुपरवाइजर - 05 फील्ड आफिसर (अनुभव 05 वर्ष ) - 03 लेडीज गार्ड - 10 हाउसकीपीग बाई - 10 गनमेंन 05 वेतनमान - 12000 से 18000/- **स्थान - कृष्णा प्लाजा अश्वनी नगर सुन्दरनगर रायपुर मो. - 9039437556, 9171511755.** (आरो-6677)

### टेलीकॉलर

**Requirment-** Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact **7999611198, 9131205196;** Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए बैटरी ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए लोकल दुर्ग भिलाई घूमना है भिलाई वाले ही संपर्क करें लाइसेंस एवं स्मार्टफोन अनिवार्य कार्य लंबे समय के लिए **संपर्क 810 3933373.** (आरो नं.-223)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर स्कूल बस चलाने 25 ड्राइवरों की आवश्यकता हैं योग्यता - लायसेंस हैवी बैच, अनुभवी को प्राथमिकता वेतन - पांच अकों में **संपर्क - जय महामाया ट्रेवल्स, डुंडा D180 कमल विहार रायपुर मों - 9993944771, 9685545594.** (आरो-6676)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** चायपत्ती के पैकिंग कार्य के लिए लड़की व लेडिस एवं लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क करें - 74699-80000, 0771-4075490.** (RO-6670)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** वाटर फिल्टर की की मार्केटिंग हेतु स्नातक युवक/युवतियों की आवश्यकता है। कार्य क्षेत्रः- कांकेर - 5 पद , केशकाल - 5 पद। संपर्क - प्रगति बायोटेक, रायपुर। **मो. 9300672838, 9981373887.** (आरो-6675)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइए! पद – सिक्योरिटी गार्ड योग्यता – 5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा – रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन – 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन – नया रायपुर । रायपुर । रायगढ़ । **आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 9201958117, 9201958118.** (RO-6547)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** डिस्पोजल दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को एवं ई-रिक्शा चालक की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क- रूबी प्लास्टिक, बंजारी मंदिर के सामने, बंजारी चौक, गोलबाजार, रायपुर, मो. 9977220005, 8827300000** (RO-055)

### टीचर

**Wanted-** A Female School Teacher From DPS, KPS, N.H. Goel, Gyan Ganga School For 10th Class Student Salary 20,000/- p.m. Place-Shankar Nagar Raipur mobile **8827674988, 7224993938.** (RO-6668)

**WANTED-** KRISHNA KIDS ACADEMY (ENGLISH MEDIUM SCHOOL) VRINDAVAN SOCIETY NEAR MA LAXMI MARRIAGE PALACE,UMDA ROAD ,UMDA WALK IN INTERVIEW TGT, (ENGLISH,MATHS AND SCIENCE) INTERVIEW DATE 21/02/2026 & 24/02/2026 TIME-9:00 AM TO12 NOON CONTACT-**8962844559** (आरो-224)

**WANTED-** KRISHNA KIDS ACADEMY(ENGLISH MEDIUM SCHOOL) ASHISH NAGAR WEST, NEAR NAGAR NIGAM KE PICHE ROAD, RISALI-BHILAI, WALK IN INTERVIEW TGT MATHS & SCIENCE INTERVIEW DATE 26/02/2026 TIME - 9:00 AM TO 12 NOON CONTACT-**7987022154,8839678091, 9284867427** (आरो नं.-225)

### देखभाल

**आवश्यकता है-** कुत्ते के आश्रम में जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, देख-भाल, मल मूत्र सफाई का कार्य. रू.10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। **चंदखुरी रायपुर, छत्तीसगढ़ मो. नं. 7225888800.** (आरो-054)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-, 9165407080, 6261667355.** (आरो-529)

**आवश्यकता है-** सदर बाजार हलवाई लाइन में (जामा मस्जिद के पास) ऑफिस कार्य करने हेतु ऑफिस बॉय (लड़के) की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें:- 9754808388.** (RO-7390)

**आवश्यकता है-** जीएसटी अधिवक्ता ऑफिस हेतु 12वीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित **संपर्क करें, प्रभांक ठाकुर टैक्स अधिवक्ता A7 ओम परिसर दुर्ग फोन 9406 266622.** (आरो नं.-SPD/0942)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (आरो-527)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** आपके अपने क्षेत्र के ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक शॉप, जनरल स्टोर, मेडिकल स्टोर में Alfa Youth Brand के पर्सनल केयर (कॉस्मेटिक) बेबी डायपर, सैनेटरी पैड की मार्केटिंग, सेलिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पेमेंट 26000 से 34000, WhatsApp Only **9098427938** (RO-39948)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** गायत्री नगर, ₹रायपुर₹ स्थित ऑफिसर को एक अनुभवी, नशामुक्त, ड्राइवर की। 10वी पास जरूरी। आसपास के ड्राइवर को प्राथमिकता। **संपर्क करें- 8349933320, सायं: 6 से 8 बजे तक।** (आरो-468)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** विकलांग युवक की देखभाल हेतु होनहार. कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क नंबर- 7354988225 ऐड्रेस... होटल ए डी टावर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर।** (आरो-6678)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** माइलस्टोन हेल्थकेयर, अमलीडीह में दवाइयों की पैकिंग हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता (Fulltime/PartTime) वेतनः PartTime (6 घंटे) 4,000 – 4,400 | Fulltime (10 घंटे) 6,200–6,800। स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकताः अमलीडीह, राजेंद्र नगर, देवपुरी, लालपुर, संतोषी नगर **संपर्कः 8749003625 | कार्यालयः माधव एम्पायर, मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास, अमलीडीह, रायपुर** (आरो-4076)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** अग्रवाल फ्यूल्स ( पिआजियो अपे ऑटोशोरूम ) भिलाई में फिल्ड कार्य हेतु सेल्समैन-2पद की आवश्यकता है, न्यूनतम योग्यता बारहवीं पास, खुद का मोटरसाइकिल होना अनिवार्य है। **संपर्क करें:-मो.- 6264467558** (आरो नं.-227)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** Sopy India Services को 18 से 40वर्ष की टेलीकॉलर लड़कियां, महिलाएं चाहिए। वेतन 11500 (पार्ट टाईम), 15500 (फुल टाईम), योग्यता 10वीं, वर्क फ्रॉम होम काम। **सम्पर्क करें- राहुल सर 7558393950** (आरो-39964)

## Medical चिकित्सा

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित NGO हेतु आयुर्वेदिक चिकित्सक (BAMS /BHMS), मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (किसी भी डिग्री) टीम लीडर अनुभवी), जनसंपर्क अधिकारी (डिग्री / MSW) कंप्यूटर ऑपरेटर (पीजीडीसीए ), कैनवॉशिंग कार्यकर्ता ( 12वीं , / डिग्री ) ,काउंसलर, ( डिग्री / अनुभव) , सर्वे लड़के/ लड़कियां ( 12वीं / डिग्री,), चालक (lmv ) **संपर्क रेट्रो हुमन केयर फाऊंडेशन भिलाई- 9301986339, 0788 4224323.** (आरो न.-218)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्कः- 7587708423.** (आरो-529)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** अमलेश्वर के महादेव वाटिका स्थित रहवासी कॉलोनी में भूखंड क्रमांक-12, 1300 Sqft जमीन में भूतल पर 780 Sqft निर्माण किया गया मकान बेचना है **केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें - 9811612395** (RO-6679)

**मकान बेचना है-** दुर्ग शहर के टॉप लोकेशन न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर, वृंदावन नगर में 2BHK, 3BHK, 4BHK मकान उपलब्ध एवं बोरसी में 700/-से 2200/- रुपए फिट तक के प्लाट उपलब्ध फाइनेंस सुविधा के साथ संपर्क - **7888098366.** (आरो न.-10376)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152









# नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना हुआ बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच-10 प्रतिशत था।

- रूस के अलावा अन्य देशों ने भी आपूर्ति रोकी

## वेदांता ने राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी

### रूस के तेल राजस्व को रोकने लगाया प्रतिबंध

जुलाई 2025 में, यूरोपियन संघ ने यूक्रेन विवाद के बीच रूस के तेल राजस्व को रोकने के बड़े कदम के तहत नायरा एनर्जी पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन उपायों में रूसी कच्चे तेल से बने पेट्रोलियम उत्पादों पर यूरोपीय संघ के बाजारों में प्रतिबंध लग गया था। साथ ही प्रतिबंध के दायरे में आने वाली इकाइयों के लिए वित्तीय और समुद्री मार्ग के जरिये सेवाओं पर पहुंच सीमित की गई थी।



*नायरा की परेशानियां बढ़ी : सऊदी अरब और इराक के तेल उत्पादक, जिनकी यूरोप में काफी वाणिज्यिक पहुंच है, ने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के कदमों के बाद कंपनी को आपूर्ति रोक दी। जहाज के जरिये आपूर्ति में दिक्कतों ने नायरा की परेशानियों को और बढ़ा दिया। कई टैंकर परिचालक जो बीमा कवर के लिए लंदन के पीएंडआई क्लब और अन्य अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियों पर निर्भर थे, उन्होंने वाडिनार को आपूर्ति भेजने या उठाने से इनकार कर दिया।*

### नायरा हुआ यूरोपियन ईंधन बाजार से बाहर

इसके तुरंत बाद ब्रिटेन ने रूस के तेल हितों पर निशाना साधते हुए ऐसे ही प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें नायरा जैसी इकाइयां शामिल थीं, क्योंकि रूस की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के पास इसका बहुलांश स्वामित्व है। इन पाबंदियों ने न सिर्फ नायरा को यूरोपियन ईंधन बाजार से बाहर कर दिया, बल्कि उसके लिए कच्चे तेल की खरीद के विकल्पों को भी सीमित कर दिया।

### रिफाइनरी की दो करोड़ टन सालाना की क्षमता

इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रति दिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी।

*अनुपालन की संभावित दिक्कतें : अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है।*

## एक शीर्ष अधिकारिक सूत्र ने कही यह बात

# बैंकों को बचत आकर्षित करने, कामकाज सुधारने, नए उत्पाद लाने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंकों को बचत आकर्षित करने के लिए कर नीति की नहीं बल्कि उपयुक्त कदम उठाने और परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ नये और नवोन्मेषी उत्पाद लाने की जरूरत है। बैंकों में बचत दर में कमी के बीच एक शीर्ष आधिकारिक सूत्र ने यह बात कही है।

आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2011-12 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 34.6 प्रतिशत पर थी जो 2023-24 में घटकर 30.7 प्रतिशत पर आ गयी। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा घटकर 35 प्रतिशत रह गया है, जो वित्त वर्ष 2011-12 के 58 प्रतिशत से काफी कम है।

### बैंकों ने जमा के आगे देखा ही नहीं

सूत्र ने बातचीत में कहा, ''बैंक में मूलभूत समस्या यह है कि उन्होंने जमा के आगे देखा ही नहीं, जबकि दुनिया में ऐसा नहीं है। पूंजी बाजार की बात करें तो हम सब शेयर की बात करते हैं। बॉन्ड की चर्चा कम होती है। बैंक, बॉन्ड के जरिये सस्ती दर पर लंबी अवधि के लिए पैसा जुटा सकते हैं और इसके आधार पर परियोजनाओं के लिए कर्ज दे सकते हैं।



- बैंकों को कर नीति की नहीं कुशल बनने की जरूरत
- बैंकों के बचत दर में दिनों दिन कमी आ रही
- सालाना वित्तीय बचत में बैंक जमा का हिस्सा घटकर 35 प्रतिशत

### एफडी का पैसा लेकर बैंक लंबा कर्ज कैसे देगा

*सूत्र ने कहा, ''अब आप खुद सोचिए दो साल की 'फिक्स्ड डिपॉजिट' यानी सावधि जमा का पैसा लेकर बैंक 10 साल की परियोजना के लिए कैसे कर्ज देंगे? इस बारे में बैंकों को सोचने की जरूरत है।'' सूत्र ने कहा, ''अब अन्य देशों के बैंक क्या करते हैं? उनके पास भी जमा होती है, लेकिन इस पर निर्भरता इतनी नहीं है।*

### बैंकों को परिचालन में सुधार करना होगा

बचत दर में कमी के बीच इसे आकर्षक बनाने के बारे में पूछे जाने पर आधिकारिक सूत्र ने कहा, ''कर नीति का मकसद अब बचत के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना नहीं है बल्कि इसके जरिये यह सुनिश्चित किया गया है कि आप अपनी कमाई पर कर दीजिए और बचे पैसे को अपने हिसाब से खर्च कीजिए या फिर निवेश कीजिए। बचत को आकर्षक बनाने के लिए बैंकों को परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ सावधि जमा के अलावा बचत के नवोन्मेषी उत्पाद लाने की जरूरत है।''

*बैंकों में 90 फीसदी पैसा दो साल से कम के लिए जमा*

*सूत्र ने कहा, ''आज बैंकों के पास जो पैसा जमा है, उसमें लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा दो साल से कम की अवधि के लिए और पांच लाख रुपये से कम की जमा के रूप में है। लोगों ने इस पैसे को इसलिए रखा है कि वह सुरक्षित रहे और जरूरत पड़ने पर उसे निकाल सके। लोगों ने अपने पैसे दूसरे जोखिम वाले उत्पादों में भी डाल रखे होंगे।''*

### सरकार कर व्यवस्था सरल बना रही

सरकार कर व्यवस्था को सरल और सुगम बना रही है। इसी के तहत नई आयकर व्यवस्था में सभी के लिए 12 लाख रुपये तक की आय और नौकरीपेशा के मामले में 12.75 लाख रुपये (75 हजार की मानक कटौती के साथ) तक की आय के लिए कोई कर देने की जरूरत नहीं है। इसमें किसी प्रकार की छूट नहीं दी गयी है। वहीं पुरानी कर व्यवस्था में लघु बचत योजनाओं समेत कई मदों में बचत और निवेश पर छूट दी गयी है।

### नवोन्मेषी उत्पाद लाने होंगे

'बैंकों को बचत को आकर्षित करने के लिए कदम उठाने होंगे, उन्हें परिचालन के स्तर पर कुशल बनने के साथ नये और नवोन्मेषी उत्पाद लाने होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी अर्थव्यवस्था में वृद्धि तभी होगी जब निवेश होगा और देश में जो निवेश होगा, उस पैसे का प्रमुख स्रोत घरेलू बचत है। घरेलू बचत खासकर परिवार की बचत में हाल के दिनों में कमी आई है।

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खरीदार उत्साहित



- गिरावट को अवसर मान रहे: टाइटन एमडी
- सोने की कीमतों ने भारतीय खरीदारों को किया प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाइटन कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अजय चावला ने कहा है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारतीय खरीदारों को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्राहक अब कीमतों में गिरावट को अवसर मानकर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, बिलकुल शेयर निवेशकों की तरह।

चावला ने कहा कि पहले कई ग्राहक महंगी कीमतों के कारण सोना खरीदने में देरी करते थे, लेकिन अब उन्होंने अपनी रणनीति बदल ली है और कीमत गिरने पर सोना खरीदना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि अनिश्चित समय तक इंतजार करें। चावला ने बताया, /''लोगों ने लंबे समय तक इंतजार करने में नुकसान उठाया है, इसलिए अब वे हर कीमत गिरावट का फायदा उठाकर सोने की खरीद कर रहे हैं, जैसे शेयर बाजार में करते हैं।उन्होंने माना कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, लेकिन मांग मजबूत बनी हुई है। चावला ने कहा, /''ग्राहक इसमें हिस्सा लेने की कोशिश करेंगे। जो लोग पिछड़ गए, वे अब खरीदने आएंगे।/'' उन्होंने कहा कि इससे लोगों की सोने के प्रति मजबूत रुचि और विश्वास का पता चलता है।

### मुनाफा वसूली के कारण आई गिरावट

टाइटन की आभूषण कारोबार इकाई इस रुझान से लाभान्वित हुई है। सोने की कीमतों में फरवरी, 2026 की शुरुआत में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया।

### कीमतें और नहीं गिरने की उम्मीद

चावला के अनुसार, कई लोग जिन्होंने साल के पहले छह महीनों में सोने की खरीद में देरी की थी, उन्होंने त्योहारी और शादी के सीजन से पहले सोना खरीदना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि कीमतें अब और नहीं गिरेंगी।

# रेलिगेयर एंटरप्राइजेज वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को करेगी अलग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बर्मन परिवार समर्थित रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अपने वित्तीय सेवा और बीमा कारोबार को दो अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने यह कदम शेयरधारकों के लिए परिसंपत्तियों का मूल्य बढ़ाने और अपनी भावी व्यावसायिक कार्ययोजना को और अधिक स्पष्ट एवं केंद्रित करने के उद्देश्य से उठाया है। वित्तीय सेवा कंपनी ने बयान में कहा कि फरवरी, 2025 में बर्मन परिवार द्वारा रेलिगेयर का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के बाद से यह कंपनी द्वारा घोषित पहला बड़ा पुनर्गठन है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पास 'केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड' में अपनी हिस्सेदारी बनी रहेगी, जो मुख्य रूप से बीमा क्षेत्र पर केंद्रित इकाई के रूप में काम करेगी।वहीं, कर्ज देने, ब्रोकिंग, निवेश गतिविधियों और संबंधित सेवाओं से जुड़े वित्तीय सेवा कारोबार को 'रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड' (आरएफएल) को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।




- कंपनी बर्मन परिवार द्वारा है समर्थित
- कंपनी द्वारा घोषित पहला बड़ा पुनर्गठन

### बदलाव से कोई प्रभावित नहीं होगा

समूह का लक्ष्य इस प्रक्रिया को पूरा कर वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही तक आरएफएल को सूचीबद्ध करना है। कंपनी ने आश्वासन दिया है कि इस बदलाव के दौरान व्यवसाय संचालन, कर्मचारियों या ग्राहकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# एआई के बढ़ते इस्तेमाल से घट रही प्रवेश स्तर की नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) की स्वीकार्यता बढ़ने से विशेष रूप से प्रवेश स्तर की भर्तियां प्रभावित हुई हैं। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

ओपनएआई के समर्थन से इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनमिक रिलेशंस (इक्रियर) के एक अध्ययन के मुताबिक, एआई को अपनाने से पूरे क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर प्राथमिकताएं बदल रही हैं। अध्ययन के अनुसार, 63 प्रतिशत कंपनियों में डोमेन विशेषज्ञता और एआई या डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी है, क्योंकि एआई उनके मुख्य कामकाज के साथ एकीकृत हो गया है। 'एआई एंड जॉब्सः दिस टाइम इज नो डिफरेंट' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारत में अब तक के जेन एआई स्वीकार्यता के कंपनी स्तर का आकलन है। यह अध्ययन नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच किया गया। इसमें भारत के 10 शहरों की 650 सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की प्रतिक्रिया शामिल है। इसमें बताया गया, ''कंपनियों ने कहा है कि एआई की वजह से नियुक्तियों में मामूली कमी आई है।



- इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट
- डेटा कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ी

*श्रमबल एआई से जुड़ा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा*

*सर्वे में शामिल आधी से ज़्यादा कंपनियों ने कहा कि वे पहले से ही जागरूकता या प्रशिक्षण के जरिये एआई को अपनाने में मदद कर रही हैं। वहीं 38 प्रतिशत अन्य ने कहा कि वे ऐसा करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण का दायरा अभी सीमित है और सिर्फ कुछ ही कंपनियों का कहना था कि पिछले साल उनके आधे से ज़्यादा श्रमबल ने एआई से जुड़ा प्रशिक्षण हासिल किया है।*

# वैश्विक संकेतकों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

- बाजार में उतार-चढ़ाव से निवेशक सावधानी बरत सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा अगले सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों तथा एआई से जुड़े बदलावों को लेकर पैदा हुई चिंता से जुड़े घटनाक्रमों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

हालांकि, शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक सावधानी बरत सकते हैं।विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निकट भविष्य में शुल्क से जुड़ी चिंताएं कम होने और घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के मिले-जुले तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने के करीब होने के बीच बाजार मुख्य रूप से वैश्विक संकेतकों पर निर्भर करेगा। इसमें अमेरिका के श्रमबल के आंकड़े और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के रुख को लेकर उम्मीदें शामिल हैं।



# भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में हो रहा सुधार

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता सामान कंपनी यूनिलीवर ने कहा है कि अमेरिका के बाद उसके दूसरे सबसे बड़े बाजार भारत में कारोबार की बुनियादी स्थिति में सुधार हो रहा है। चौथी तिमाही के नतीजों के दौरान यूनिलीवर ने बताया कि होम केयर खंड में कंपनी ने 4.7 प्रतिशत की अंतर्निहित बिक्री वृद्धि और बिक्री की मात्रा में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, इसे भारत में उत्पादों की खपत में निरंतर मजबूती से समर्थन मिला है। सीईओ फर्नांडो फर्नांडीस ने कहा, ''भारत इस गति में एक प्रमुख योगदानकर्ता रहा है।




## पहले 10 माह में 50 गीगावाट से अधिक बिजली क्षमता जोड़ी



**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान सभी ऊर्जा स्रोतों से रिकॉर्ड 50 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर एक हजार मेगावाट) से अधिक बिजली क्षमता जोड़ी है। बिजली मंत्रालय ने बताया कि यह किसी एक साल में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। इसने वित्त वर्ष 2024-25 में हासिल किए गए 34,054 मेगावाट के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 (31 जनवरी तक) के दौरान, सभी स्रोतों से रिकॉर्ड 52,537 मेगावाट उत्पादन क्षमता जोड़ी गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 (31 जनवरी तक) में जो नई बिजली क्षमता जोड़ी गई, उसका 39,657 मेगावाट हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा से आया।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा के अधिकारी ने कहा, निर्यात का अच्छा अवसर

# भारत से अमेरिका को ट्रैक्टर निर्यात के अवसर बढ़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेती और निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा का मानना है कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिका को ट्रैक्टर का निर्यात करने का एक अच्छा अवसर है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।

एस्कॉर्ट्स कुबोटा की जापानी मूल की कंपनी कुबोटा कॉरपोरेशन ने कहा है कि वह 2030 के लिए अपनी मध्यम अवधि की कारोबारी योजना के तहत भारत को अपना वृद्धि का इंजन बनाने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपनी रणनीति के महत्वपूर्ण पहलू के तहत भारत में कारोबार और परियोजनाओं की संभावनाएं तलाश रही है।

- कंपनी की भारत को अपना वृद्धि का इंजन बनाने की तैयारी

### कंपनी भारत को शोध व विकास का केंद्र बनाएगी

अधिकार ने कहा, ''अगर हम भारत में ट्रैक्टर बना सकें और निर्यात को एक विकल्प के तौर पर देख सकें तो यह हमारे लिए एक अच्छा मौका है.. यह मूल कंपनी के लिए सोचने को एक बहुत अच्छा परिदृश्य होगा।''अपने 2030 की मध्यम अवधि की कारोबारी योजना के तहत, कुबोटा कॉरपोरेशन ने कहा कि ऊंची वृद्धि वाले बाजारों पर कब्जा करने का लक्ष्य रखते हुए कंपनी भारत को शोध एवं विकास, खरीद और उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने का अवसर तलाशेगी।



### अभी अमेरिका को निर्यात नहीं

एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और भारत में मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) भरत मदान ने कहा, ''अभी हम अमेरिका को निर्यात नहीं कर रहे हैं। हमें लगता है कि अब शुल्क लगने से, शायद हमें उस बाजार को फिर से खोलने पर विचार करने का अच्छा मौका मिलेगा।''

### अभी कंपनी जापान से निर्यात कर रही

वह भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के असर पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''अभी हमारी मूल कंपनी (कुबोटा) जापान से निर्यात कर रही है, और जापान पर अमेरिकी शुल्क लगभग 15 प्रतिशत है। इसमें और भारत के 18 प्रतिशत के शुल्क में कोई खास अंतर नहीं है।''

### ट्रैक्टर पर पहले से ही शुल्क कम है

इसके अलावा पूरे समूह की लागत प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगी। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रभाव पर मदन ने कहा कि ट्रैक्टर पर शुल्क पहले से ही शून्य है, और कंपनी को ट्रैक्टर कारोबार पर कोई बड़े असर की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम पहले से ही यूरोपीय संघ को निर्यात कर रहे हैं। ..आज भारत से यूरोप को निर्यात पहले से ही बहुत ज़्यादा है।''

## खबर संक्षेप

### भारत-ब्रिटेन एफटीए के अप्रैल में लागू होने की संभावना



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच जुलाई, 2025 में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के अप्रैल, 2026 में लागू होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए।

### सेबी ने पांच कंपनियों को दी आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन और गद्दे बनाने वाली कंपनी ड्यूरोफ्लेक्स सहित पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा बाजार नियामक ने दवा कंपनी विरुपाक्ष ऑर्गेनिक्स, मुंबई स्थित हेक्सागॉन न्यूट्रिशन और ओम पावर ट्रांसमिशन को भी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने को मंजूरी दी है।

### जापानी कंपनी लगाएगी खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र



**ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)।** जापान की क्यूपी कॉरपोरेशन ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की इच्छा जताई है और इसके लिए कंपनी का प्रतिनिधिमंडल प्राधिकरण अधिकारियों से मिला। संयंत्र के लिए लगभग आठ से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होगी और कंपनी करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### तेल-तिलहन में गिरावट मूंगफली में मजबूती



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख तथा भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद देश में खाद्य तेलों का शुल्क-मुक्त आयात बढ़ने की अफवाहों के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम में गिरावट देखी गई।

### आइनॉक्स विंड का लाभ 14% बढ़कर 126 करोड़




**नई दिल्ली।** आइनॉक्स विंड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 126.65 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। आइनॉक्स विंड ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 110.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

## बिजनेस साइट

### सफेद दाग रोग नहीं, त्वचा की स्थितिः डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल



**रायपुर।** कोतवाली चौक स्थित नरेन्द्र अग्रवाल क्लीनिक में सफेद दाग (विटिलिगो) को लेकर जागरूकता अभियान के तहत चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ नरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यह रोग नहीं, बल्कि एक त्वचा संबंधी स्थिति है, जिसे लेकर समाज में फैली भ्रांतियाँ सबसे बड़ी समस्या हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफेद दाग न तो संक्रामक है और न ही किसी प्रकार का अभिशाप।

डॉ अग्रवाल ने बताया कि विटिलिगो में त्वचा के कुछ हिस्सों में मेलानिन नामक रंगद्रव्य बनना बंद हो जाता है, जिससे सफेद धब्बे दिखाई देने लगते हैं। यह एक ऑटोइम्यून स्थिति मानी जाती है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली रंग बनाने वाली कोशिकाओं को प्रभावित करती है। आनुवंशिक कारण, अत्यधिक तनाव, हार्मोनल असंतुलन और त्वचा पर चोट भी इसके संभावित कारक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन अधिकतर मामलों में लक्षण बचपन या युवावस्था में दिखाई देते हैं। हालांकि यह शारीरिक रूप से दर्दनाक नहीं है, परंतु मानसिक और सामाजिक प्रभाव गहरे हो सकते हैं। इसलिए समय पर विशेषज्ञ से परामर्श आवश्यक है। उपचार के संबंध में डॉ अग्रवाल ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे टॉपिकल दवाइयाँ, फोटोथेरेपी और आवश्यकतानुसार अन्य उन्नत तकनीकों से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।



## ईशान किशन और गेंदबाजों के तूफान में उड़ा चिर प्रतिद्वंद्वी

# भारत की लगातार तीसरी जीत, पाकिस्तान को चटाई धूल, सुपर-8 में धमाकेदार एंट्री

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

सलामी बल्लेबाज ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान पर 61 रन की एकतरफा जीत के साथ सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई किया। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट), वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान (44) के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। उनके अलावा सिर्फ शाहीन शाह अफरीदी (नाबाद 23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।



### भारत की पाकिस्तान के खिलाफ आठवीं जीत

*टी20 विश्व कप में यह भारत की पाकिस्तान के खिलाफ नौ मैचों में आठवीं जीत है जबकि उसे सिर्फ एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। ईशान ने स्पिन की अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़े, जिससे भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।*

### 6 स्पिनर, 18 ओवर, पाकिस्तान ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में बॉलिंग से रिकॉर्ड बनाया। सलमान टीम ने छह स्पिनर्स से बॉलिंग कराई। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह एक पारी में सर्वाधिक स्पिनर्स के उपयोग का रिकॉर्ड है। इसके जरिए पाकिस्तान पहली टीम बनी, जिसने छह स्पिनर टी20 वर्ल्ड कप के एक मुकाबले में आजमाए। पाकिस्तान ने 18 ओवर स्पिनरों कराए, जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए और उन्हें एक विकेट मिला।

### टीम इंडिया के छह अंक

भारत ने पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के मुकाबले में हराकर दो और अंक हासिल कर लिए हैं। इसके साथ ही अब भारत के 6 अंक हो गए हैं। साथ ही टीम ने सुपर 8 में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत ने इस साल के टी20 विश्व कप में पहले यूएसए को मात दी, इसके बाद दूसरे मैच में नामीबिया को हराया और इस जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए तीसरे मैच में अब पाकिस्तान को भी पीट दिया है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इशान किशन बो सईम | 77 | 40 | 10 | 3 |
| अभिषेक का शाहीन बो सलमान | 00 | 04 | 00 | 0 |
| तिलक वर्मा पगबाधा बो सईम | 25 | 24 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार का सईम बो तारिक | 32 | 29 | 3 | 0 |
| हार्दिक पंड्या का बाबर बो सईम | 00 | 01 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 27 | 17 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 04 | 1 | 1 |
| अक्षर पटेल का सईम बो शाहीन | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 03, कुल:20 ओवर में 175/7 रन
गेंदबाजी: सलमान 2-0-10-1, शाहीन 2-0-31-1, सईम 4-0-25-3, अबरार 3-0-38-0, शादाब 1-0-17-0, नवाज 4-0-28-0, तारिक 4-0-24-1

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहिबजादा फरहान का रिंकू बो पंड्या | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सईम अयूब पगबाधा बो बुमराह | 06 | 2 | 0 | 1 |
| सलमान आगा का पंड्या बो बुमराह | 04 | 4 | 1 | 0 |
| बाबर आजम बो अक्षर | 05 | 7 | 0 | 0 |
| उस्मान खान स्टं इशान बो अक्षर | 44 | 34 | 6 | 1 |
| शादाब खान का दुबे बो तिलक | 14 | 15 | 1 | 0 |
| मोहम्मद नवाज का दुबे बो कुलदीप | 04 | 5 | 1 | 0 |
| फहीम अशरफ का रिंकू बो चक्रवर्ती | 10 | 14 | 1 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 23 | 19 | 2 | 1 |
| अबरार अहमद पगबाधा बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| उस्मान तारिक बो पंड्या | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 04, कुल:18 ओवर में सभी विकेट खोकर: 114 रन
गेंदबाजी: पंड्या 3-1-16-2, बुमराह 2-0-17-2, अक्षर 4-0-29-2, चक्रवर्ती 3-0-17-2, कुलदीप 3-0-14-1, तिलक 2-0-11-1, रिंकू 1-0-9-0

### पाकिस्तान पर जीत से काफी आत्मविश्वास मिलेगा : इशान



इशान किशन ने कहा कि इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। इशान ने कहा, 'मुझे लगता है कि शुरुआत में विकेट उतना आसान नहीं था। ऐसे में खुद पर भरोसा रखना और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मैंने अपने ऑफ-साइड खेल पर काफी मेहनत की है। मैं बस चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहा था।' उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में 160-170 रन का स्कोर खड़ा करने का लक्ष्य था।

### इस विकेट पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था: सूर्यकुमार

सूर्यकुमार ने कहा, 'इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था। पहले बल्लेबाजी करते समय यह कहना मुश्किल था कि प्रतिस्पर्धी स्कोर कितना होता। लेकिन जैसे ही हम 175 पर पहुंचे तो हमें लगा कि हमने प्रतिस्पर्धी स्कोर से 15-20 रन अधिक बना लिए हैं। 155 रन पर यह बहुत करीबी मुकाबला होता।' सूर्यकुमार ने कहा, 'हमने वैसा ही क्रिकेट खेला जैसा हम खेलना चाहते थे।

### पावरप्ले में बहुत अधिक विकेट गंवाए नहीं कर सके वापसी : सलमान

पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा कि हमारे स्पिनरों का ऑफ डे था और पिछले छह महीनों से वे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने पावरप्ले में बहुत अधिक विकेट गंवा दिए और इसके बाद वापसी नहीं कर सके। पहली पारी में गेंद रुककर आ रही थी और दूसरी पारी में विकेट बेहतर हो गया था। इस तरह के गेम्स में इमोशन हमेशा हाई रहते हैं। हमें इससे डील करना होगा। हमने ऐसे कई मैच खेले हैं और अब आने वाले दो दिनों में एक और मैच खेलना है। अगर हमें सुपर 8 में जाना है तो अंतिम मैच जीतना होगा, तब यह टूर्नामेंट हमारे लिए फिर से फ्रेश हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### हैरी केन ने रचा इतिहास, ठोका कॅरियर का 500वां गोल

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, 'अच्छा लग रहा है। 500 गोल तक पहुंचना वाकई गर्व की बात है। इसमें बहुत मेहनत और त्याग लगा है, इसलिए यहां तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। लेकिन हमेशा की तरह अब अगला मैच ही मायने रखता है।' केन ने अपना पहला गोल जनवरी 2011 में 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के तीसरी श्रेणी के क्लब लेटन ओरिएंट की तरफ से खेलते हुए शेफील्ड वेडनेसडे के खिलाफ किया था। केन को 500 गोल तक पहुंचने के लिए 743 मैचों की जरूरत पड़ी। इस 32 वर्षीय इस फॉरवर्ड ने इंग्लैंड के लिए 112 मैचों में 78 गोल किए हैं।

### मिश्रित युगल में उप विजेता रहे हरमीत-यशस्विनी



**चेन्नई।** भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई टेबल टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स की रोमानिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। हरमीत और यशस्विनी की जोड़ी को 0-3 (9-11, 2-11, 8-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह इस डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता के चार सत्र में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस बीच चेक गणराज्य के लुबोमिर यानकारिक ने प्रतियोगिता में अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया के पार्क गंगहियॉन को 3-2 (13-15, 11-7, 5-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनकी भिड़ंत फ्रांस के पांचवें वरीय थिबॉल्ट पोरेट से होगी।

# महिला टी20: ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने बनाई बढ़त
## घातक गेंदबाजी कर अरुंधती बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▸▸ सिडनी

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया।

अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद में नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था। भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।



### ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट 12 रन के अंदर गंवाए

टॉस भारत ने जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 27 के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट खो दिया था। तीसरे विकेट के लिए फोएबे लिचफिल्ड और एलिसे पेरी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई। 68 के स्कोर पर पेरी (20 रन) का विकेट गिरा। इसके बाद विकेटों के लगातार गिरने का सिलसिला जारी रहा। पूरी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट मात्र 12 रन के अंदर गंवा दिए। जॉर्जिया वॉरहेम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। अरुंधती रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# वेस्टइंडीज की हैट्रिक, नेपाल को 9 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वेस्टइंडीज ने नेपाल के खिलाफ रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के 25वें मुकाबले को 9 विकेट से अपने नाम किया। टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप-सी में मौजूद वेस्टइंडीज ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहीं, लगातार तीन हार के साथ नेपाल की टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई है। वेस्टइंडीज अपना अगला मैच 19 फरवरी को इटली के खिलाफ खेलेगी, जबकि नेपाल 17 फरवरी को स्कॉटलैंड के विरुद्ध मुकाबले के साथ अपने अभियान का समापन करेगी।



### अमेरिका ने नामीबिया को 31 रन से हराया



**चेन्नई।** संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 68) और कप्तान मोनांक पटेल (52) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका ने टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में नामीबिया को 31 रन से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है। लगातार दो जीत के साथ अमेरिका ने ग्रुप चरण को चार अंकों के साथ समाप्त किया और भारत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत और पाकिस्तान में से किसी के उलटफेर का शिकार होने पर वह सुपर आठ में पहुंच सकता है।

### घर लौटे न्यूजीलैंड के गेंदबाज फर्ग्यूसन, नहीं खेलेंगे कनाडा के खिलाफ

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए रविवार को स्वदेश लौटेंगे और इस कारण से टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में कनाडा के खिलाफ टीम के अंतिम लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि फर्ग्यूसन को टीम में बनाए रखने की योजना है ताकि टीम के सुपर आठ में पहुंचने पर उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके। न्यूजीलैंड ने अपने पहले दोनों मैच में जीत हासिल की थी लेकिन उसे शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वह अपना अंतिम लीग मैच मंगलवार को चेन्नई में कनाडा के खिलाफ खेलेगा। वाल्टर ने कहा, 'यह लॉकी और एम्मा के लिए बेहद रोमांचक समय है और हमें खुशी है कि वह इतने खास मौके पर घर पर मौजूद रहेंगे।'



## वीमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स

# पाकिस्तान 93 रन पर ढेर, इंडिया 'ए' ने 8 विकेट से दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸ बैंकॉक

कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत 'ए' ने महिला 'एशिया कप राइजिंग स्टार्स' में पाकिस्तान 'ए' को 59 गेंद शेष रहते 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत 'ए' महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान 'ए' पर जीत के साथ भारत 'ए' महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### राधा यादव ने की शानदार स्पिन

### नो हैंडशेक की नीति जारी

वहीं मैच के दौरान पाकिस्तानी टीम की खिलाड़ी हाथ मिलाने को देखती रहीं। टीम इंडिया की प्लेयर्स ने नो हैंडशेक की नीति को जारी रखा।

### सटीक गेंदबाजी, नहीं टीके पाकिस्तानी

भारत 'ए' के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया। पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गई। राधा (तीन ओवर में 11 रन पर दो विकेट) ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की, वहीं प्रेमा रावत (तीन ओवर में 16 रन पर दो विकेट) और मिन्नू मणि (2.5 ओवर में 10 रन पर एक विकेट) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना सकें। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में सिर्फ 14 रन देकर दो विकेट लिए।

### वृंदा ने ठोकी तूफानी फिफ्टी

94 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज हुमाइरा पहली गेंद पर आउट हो गईं और गोल्डन डक का शिकार बनीं। लेकिन दिनेश वृंदा ने मोर्चा संभाले रखा और अंत तक फिफ्टी प्लस की मैच विनिंग पारी खेली। उनका साथ अनुष्का शर्मा ने निभाया और 26 गेंदों में चार चौकों की मदद से 24 रन की पारी खेलकर मैच को काफी हल्का कर दिया। वृंदा ने 29 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 55 रन की पारी खेली, जिससे इंडिया ए की टीम ने तेजी से 10.1 ओवर में ही 2 विकेट पर 97 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली।

## टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज: एटीपी चैलेंजर में इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

# बालाजी-ओबरलाइटनर ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के एन. श्रीराम बालाजी और ऑस्ट्रिया के नील ओबरलाइटनर ने फ्रांस के पॉ में टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज में मेंस डबल्स टाइटल जीतकर एटीपी चैलेंजर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एटीपी चैलेंजर 125 इवेंट में टॉप सीड के तौर पर मुकाबला कर रही इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी ने दूसरे सीड जैकब पॉल और मातेंज वोसेल को 77 मिनट तक चले एक रोमांचक फाइनल में 6-1, 3-6, 13-11 से हराया। मैच का फैसला सुपर टाई-ब्रेक में हुआ, जब दोनों टीमों ने एक-एक सेट जीता।



### मुकाबले की शुरुआत में बनाया कंट्रोल

बालाजी-ओबरलाइटनर की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए मुकाबले की शुरुआत में ही कंट्रोल बना लिया। उन्होंने शुरुआती सेट में अपने विरोधियों की कई बार सर्विस तोड़ी और आराम से 6-1 से स्कोर पक्का कर लिया, जिसमें उन्होंने तेज रिटर्न और असरदार नेट प्ले दिखाया। लेकिन, दूसरे सेट में मोमेंटम बदल गया। दोनों टीमें 3-3 से बराबर थीं और स्विस-चेक जोड़ी ने अहम मौकों का फायदा उठाकर मैच को निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया।

### मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण

मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण रहा। बालाजी और ओबरलाइटनर टाई-ब्रेक में 4-1 से आगे हो गए, लेकिन पॉल और वोसेल ने वापसी की और 10-9 पर एक मैच प्वाइंट भी हासिल किया। दबाव में धैर्य दिखाते हुए, टॉप सीड जोड़ी ने मैच प्वाइंट बचाया और आखिरकार अपना तीसरा मौका भुनाकर टाइटल जीत लिया। यह जीत 2026 में पार्टनरशिप के तौर पर उनका तीसरा एटीपी चैलेंजर क्राउन है। इस जोड़ी ने बैंकॉक में नॉनथाबुरी चैलेंजर टू और मनामा में बहरीन ओपन में जीत के साथ अपने सीजन की शुरुआत की थी।

### बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते रहे हावी

पाऊ में, बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते हावी रहे। वे सेमीफाइनल में अमेरिकी मार्टिन डैम और चेक खिलाड़ी माइकल व्रबेंस्की को 7-5, 7-6(1) से हराकर फाइनल में पहुंचे, इससे पहले उन्होंने शुरुआती राउंड में बिना सीड वाले विरोधियों को हराया था। इस सीजन में पहले ही तीन चैलेंजर टाइटल जीत चुके इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी इंटरनेशनल सर्किट पर आने वाले टूर्नामेंट में अपनी इस लय को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में दिख रही है।

श्रद्धांजलि



अत्यंत दुख का विषय है कि
श्री अशोक कुमार ध्रुव
का आकस्मिक निधन
दिनांक 12 फरवरी 2026, गुरुवार को हो गया।
कार्यक्रम विवरण
नहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम
दिनांक 16 फरवरी 2026, सोमवार
-: कार्यक्रम स्थल :-
ग्राम – बिरनपुर (नरहरपुर)
शोकाकुल परिवार
श्री सदाशिव – रामकुमारी
श्री रविन्द्र – सुनिती
श्री राधेश्याम – वर्षा
श्री आलोक – सविता
श्री अरूण
श्री सौरभ – आरती
सिद्धार्थ, ऋद्धा, सिद्धांत, ऋषभ, धवल, पारस एवं समस्त ध्रुव परिवार
विनीत
श्रीमति रमिता ध्रुव (धर्मपत्नी)
रजनीश कुमार ध्रुव (पुत्र) हर्ष कुमार ध्रुव (पुत्र)
ग्राम – बिरनपुर (नरहरपुर)




# रिश्ते टूटने से पहले मधुबनी में यहां लगाओ 3 चक्कर! जज-वकील भी देते हैं सलाह

बिहार में मधुबनी जिले के मंगरौनी में आम और महुआ का एक जुड़वा पेड़ है। यहां प्रेमी जोड़े या शादीशुदा के रिश्तों, जिसमें अनबन होती है तो यहां 3 बार पेड़ के परिक्रमा करने से रिश्ते ठीक हो जाते हैं।

**मधुबनी।** यहां की ऐसी मान्यता है कि लोग इस परंपरा को आज भी मानते चले आ रहे हैं। वहीं, यहां के पुजारी बताते हैं कि वकील, जज के पास भी तलाक और रिश्तों में खटास वाले लोग आते हैं तो वह भी यहां चक्कर लगाने की सलाह देते हैं।

मधुबनी जिला स्थित मंगरौनी गांव में एकादश रुद्र है। उसी परिसर के आगे जुड़वा पेड़ है। जहां की मान्यता भी बड़ी गजब है। इसे लोग हैरान करने वाली मान्यता भी कहते हैं। बता दें कि यह जुड़वा पेड़ 80 सालों से अधिक समय का है। आम और महुआ की जड़ और तना भी आपस में जुड़े हुए हैं।

## जुड़वा पेड़ ने हजारों जोड़ों का बचाया घर

### धार्मिक मान्यता अनोखी

जहां हर मिथिलांचल और दूरदराज के लोग आकर तीन चक्कर लगाते हैं। मान्यता है कि प्रेमी जोड़े, शादीशुदा कपल, न्यू मेरिड हो या किसी भी रिश्ते में खटास, अनबन और परिवार नहीं बस रहा हो जैसी परेशानी होती है तो यहां 3 बार परिक्रमा करते है। यहां की धार्मिक मान्यता अनोखी मानी जाती है। पुजारी के अनुसार जज-वकील भी यहां पूजा करने की सलाह देते हैं।



### जानें क्या है मान्यताएं

यहां के पंडित गिरिधर झा शास्त्री ने बताया कि यहां हजारों लोगों का घर परिवार तलाक होने से बचा है। पंडित ने बताया कि वह जब से यहां हैं, ऐसा ही देखने को मिलता है कि यहां लोग शादी के बाद 3 फेरे लगाते हैं। इसके साथ ही पूजा-पाठ विधि-विधान से करते हैं। इसके अलावा मिथिला में लड़का और लड़की दोनों अलग-अलग आम और महुआ पेड़ की पूजा करते हैं, जिससे ग्रह दोष में निवारण होता है। यहां दोनों पेड़ जुड़े हुए हैं। यहां सभी जोड़े एक साथ फेरे लेते हैं।

### यहां आने से मामले सुलझ गए

यहां की सबसे अनोखी बात तो यह है कि पति-पत्नी में तलाक या रिश्तों में अनबन को लेकर जो मामले कोर्ट में जाते हैं। वहां भी जानकारी के अनुसार मंगरौनी में जाने के लिए जज और वकील सलाह देते हैं कि दोनों एकबार यहां जाएं। ताकि रिश्तों में प्रेम होने की जो भी गुंजाइश बची है, वो सफल हो। हालांकि, ऐसे कई केस हैं जो फैमिली कोर्ट में आए और यहां आने से मामले सुलझ गए। परिवार खुशी से अपने घर गया ऐसा पंडित जी बताते है।

## रोचक खबरें

# पतली दिखने के लिए महिला ने निकलवाई पसलियां, फिर उसी को पकाकर बनाया सूप

**ओटावा।** कनाडा की एडिया डेनियल एक इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर हैं, जिनके 4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वो अक्सर मेकअप और पर्सनल लाइफ से जुड़े वीडियोज पोस्ट करती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो लोगों को एक सूप बनाना सिखा रही हैं। ये सूप उन्होंने अपनी ही पसलियों से बनाया है। खूबसूरत दिखने की चाहत इंसान से क्या-क्या नहीं करवाती। लोग लाखों-करोड़ों के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स करवाते हैं, जिससे सबसे अलग और सुंदर नजर आएं। पर कुछ लोग तो उनसे भी आगे निकलकर शरीर को ही अपने मन मुताबिक बदलवाने लगते हैं। ऐसा ही एक महिला ने भी किया। उसने पतली दिखने के लिए पहले तो अपनी पसलियां निकलवाईं। पर सिर्फ खूबसूरत नहीं दिखना चाहती थी, सोशल मीडिया पर वायरल भी होना चाहती थी। इस वजह से उसने एक और अजीबोगरीब हरकत की। उसने अपनी पसलियों का ही सूप बनाया और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो के अंत में वो सूप पीती भी दिख रही हैं और साथ में उसका स्वाद भी बताया, जो चिकन जैसा था। कनाडा की एडिया डेनियल एक इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर हैं जिनके 4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वो अक्सर मेकअप और पर्सनल लाइफ से जुड़े वीडियोज पोस्ट करती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो लोगों को एक सूप बनाना सिखा रही हैं। उनका ये वीडियो पिछले साल नवंबर का है, मगर अभी भी जब कोई उसे देख रहा है तो चौंक जा रहा है। इस वीडियो में वो कोई मामूली सूप नहीं, बल्कि अपनी ही पसलियों को पकाकर सूप बना रही हैं।



# फरवरी ही क्यों है सबसे छोटा महीना, 2000 साल पुरानी है इसके पीछे की कहानी

**रोम।** आज हम जिस ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करते हैं, वह सीधा सादा नहीं है। इसकी जड़ें प्राचीन रोम से जुड़ी हैं। शुरुआत में रोमन कैलेंडर चांद के हिसाब से चलता था। साल में सिर्फ 10 महीने होते थे, मार्च से दिसंबर तक। सर्दियों के महीनों को गिना ही नहीं जाता था। बाद में रोमन राजा नुमा पोम्पिलियस ने जनवरी और फरवरी को जोड़ा ताकि साल पूरा हो सके, लेकिन 12 महीनों में दिन बांटते वक्त गड़बड़ हो गई। रोमन लोग सम संख्या को अशुभ मानते थे। ऐसे में फरवरी को छोटा कर दिया गया। फरवरी को मृतकों से जुड़े रीति- रिवाजों का महीना भी माना जाता था, इसलिए इसे 28 दिन पर रोक दिया गया।




**जूलियस सीजर का सुधार :** फिर आए जूलियस सीजर। उन्होंने चंद्र कैलेंडर की जगह सौर आधारित जूलियन कैलेंडर लागू किया। इसके बावजूद फरवरी 28 दिन की ही रही। हर चार साल में एक दिन जोड़कर लीप ईयर बनाया गया। 1582 में पोप ग्रेगरी XIII ने सुधार कर ग्रेगोरियन कैलेंडर लागू किया, जो आज दुनिया में चलता है। फरवरी में 28 दिन सवाल सिर्फ जिज्ञासा नहीं, बल्कि यह दिखाता है कि कैलेंडर इंसानी फैसलों और इतिहास का नतीजा है।

## खोज

### वैज्ञानिकों ने दी महाप्रलय की चेतावनी?

# ग्रीनलैंड में इमरजेंसी! बर्फ पिघलते ही तट पर पहुंचीं शिकारी व्हेल

**नुउक।** ग्रीनलैंड में समुद्र की बर्फ तेजी से टूट रही है। उसी के साथ ऑर्का व्हेल की संख्या तट के पास अचानक बढ़ गई है। वैज्ञानिक इसे जलवायु बदलाव से जोड़ रहे हैं। सरकार ने समुद्री आपातकाल घोषित कर दिया है। वहीं, मछुआरों को ज्यादा मछलियां मिल रही हैं। जबकि पर्यावरण कार्यकर्ता मछली पकड़ने पर रोक की मांग कर रहे हैं। एक ही समुद्र में तीन अलग तस्वीरें नजर आ रही हैं। वैज्ञानिक खतरे की घंटी बजा रहे हैं। मछुआरे इसे सुनहरा मौका मान रहे हैं। एक्टिविस्ट इसे आने वाले संकट की चेतावनी बता रहे हैं। हालात इतने बदल गए हैं कि सरकार को इमरजेंसी लगानी पड़ी है। ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के पास सुबह तीन बजे लोगों ने समुद्र की सतह पर ऑर्का व्हेल के पंख देखे। पहले जहां मोटी जमी बर्फ हुआ करती थी, अब वहां टूटी बर्फ के टुकड़े और खुला पानी दिख रहा है।



### मछलियां बड़ी संख्या में पानी के किनारे

पश्चिमी ग्रीनलैंड के फियोर्ड इलाकों में मछुआरे बता रहे हैं कि उनके जाल पहले से ज्यादा भारी होकर लौट रहे हैं। कॉड और हैलिबट जैसी मछलियां बड़ी संख्या में किनारे की तरफ आ रही हैं। एक युवा कप्तान ने इसे अपनी जिंदगी का सबसे अच्छा सीजन बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वह ज्यादा सोचने की कोशिश नहीं करता कि ऐसा क्यों हो रहा है। सरकार ने इस 'असाधारण समुद्री बदलाव' को देखते हुए आपातकाल घोषित किया है। इससे निगरानी बढ़ाई गई है। फंड जारी किए गए हैं। कई मछुआरे इसे मौका मानकर ज्यादा से ज्यादा समुद्र में जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि आगे नियम सख्त हो सकते हैं।

### एक्टिविस्ट की मांग

दूसरी तरफ कुछ स्थानीय लोग और पर्यावरण कार्यकर्ता तख्तियां लेकर विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर अभी रोक नहीं लगाई गई तो मछली भंडार गिर सकता है। वे खास इलाकों में पूरी तरह मछली पकड़ने पर रोक चाहते हैं। उनका तर्क है कि जब व्हेल और मछलियां सीमित जगहों पर जमा हो रही हैं। तब ज्यादा शिकार करना खतरे को बढ़ा सकता है। वैज्ञानिक भी चेतावनी दे रहे हैं कि अगर स्टॉक गिर गया तो वह जल्दी वापस नहीं आने वाला है।

### सरकार की ये है मुश्किल

नुउक में अधिकारी अब अलग-अलग जोन बना रहे हैं। जहां ऑर्का की गतिविधि ज्यादा है, वहां सख्त नियम या अस्थायी रोक लगाने की बात हो रही है। मछुआरों, वैज्ञानिकों और एक्टिविस्टों के साथ मिलकर निगरानी की जा रही है। हालांकि, असली सवाल यही है कि रोजी-रोटी और भविष्य के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। एक तरफ परिवारों की कमाई है तो दूसरी तरफ समुद्र का भविष्य। ग्रीनलैंड आज उसी मोड़ पर खड़ा है, जहां हर फैसला आने वाले कई सालों पर असर डाल सकता है।

# बेटे की याद में पिता ने जमीन में गाड़ दी 6 करोड़ की लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार



**नई दिल्ली।** बेटे की मौत का सदमा क्या होता है, यह वही समझ सकता है, जिसने अपना जिगर का टुकड़ा खोया हो। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि, कैसे एक पिता ने अपने बेटे के इंतकाल के बाद 6 करोड़ रुपए की नई बीएमडब्ल्यू कार को उसकी कब्र के पास दफना दिया। यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है।

### बेटे के लिए खरीदी थी लग्जरी कार

रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, पिता ने बेटे के जन्मदिन पर बीएमडब्ल्यू कार बतौर सरप्राइज गिफ्ट दी थी। बेटे ने कभी महंगी कार की ख्वाहिश नहीं की थी, लेकिन पिता ने मोहब्बत में 6 करोड़ बीएमडब्ल्यू खरीद ली। कार घर आई ही थी कि कुछ दिनों बाद बेटे की दुखद मौत हो गई। हर सुबह जब पिता उस बीएमडब्ल्यू कार को देखते, तो उनका दिल गम से भर जाता। बेटे की यादें उन्हें चैन नहीं लेने देती थीं।

### कब्र के पास दफनाई

आखिरकार पिता ने फैसला किया कि जब बेटा ही नहीं रहा, तो कार का क्या मतलब। जेसीबी से गड्ढा खुदवाया गया और नई बीएमडब्ल्यू को बेटे की कब्र के पास उतार दिया गया, फिर कार के ऊपर कंक्रीट डाला गया ताकि कोई उसे बाहर न निकाल सके. पिता ने कार की चाबी भी उसी गड्ढे में फेंक दी।

# क्या इंसान कभी स्वर्ग तक पहुंच सकता है, छेड़ी नई बहस

**वॉशिंगटन।** स्वर्ग आखिर कहां है? यह सवाल सदियों से लोगों के मन में उठता रहा है। अब एक पूर्व हार्वर्ड प्रोफेसर ने इस सवाल पर विज्ञान और धर्म को जोड़ते हुए एक नया दृष्टिकोण पेश किया है। डॉ. माइकल गिलेन, जो भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान में डॉक्टरेट कर चुके हैं, उन्होंने हाल ही में फॉक्स न्यूज में लिखे अपने लेख में स्वर्ग की संभावित जगह को लेकर अपनी थ्योरी बताई। उन्होंने आधुनिक कॉस्मोलॉजी (ब्रह्मांड विज्ञान), भौतिकी और धार्मिक मान्यताओं को मिलाकर यह विचार सामने रखा है।



### ब्रह्मांड के विस्तार से जुड़ा है यह सिद्धांत

डॉ. गिलेन ने अपनी व्याख्या में वैज्ञानिक एडविन हबल की खोज का हवाला दिया है। हबल ने 1929 में बताया था कि ब्रह्मांड लगातार फैल रहा है और दूर की आकाशगंगाएं हमसे तेजी से दूर जा रही हैं। गिलेन के अनुसार, जितनी दूर कोई आकाशगंगा होती है, उतनी ही तेज गति से वह दूर जाती दिखाई देती है। उन्होंने कहा, कि ब्रह्मांड में एक ऐसी सीमा है, जिसे कॉस्मिक होराइजन कहा जाता है। यह दूरी इतनी ज्यादा है कि कोई भी भौतिक वस्तु या इंसान वहां तक नहीं पहुंच सकता। आइंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत के अनुसार, केवल प्रकाश ही प्रकाश की गति तक पहुंच सकता है। इसलिए, इंसानों के लिए इस सीमा को पार करना असंभव माना जाता है।

### क्या कॉस्मिक होराइजन के पार है स्वर्ग?

डॉ. गिलेन का मानना है कि धार्मिक ग्रंथों में स्वर्ग को ऊपर और मानव पहुंच से दूर बताया गया है। उन्होंने बाइबिल के वर्णन का उदाहरण देते हुए कहा, कि स्वर्ग को अलग-अलग स्तरों में बताया गया है, पृथ्वी का आकाश, अंतरिक्ष और उससे भी ऊपर परम स्थान। उनके अनुसार, कॉस्मिक होराइजन ब्रह्मांड की वह अंतिम सीमा है जिसके पार की दुनिया हम कभी देख या माप नहीं सकते। गिलेन का मानना है कि स्वर्ग इसी सीमा के पार हो सकता है, एक ऐसी जगह जो समय और भौतिक नियमों से परे हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह विचार कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, बल्कि विज्ञान और आस्था के बीच एक वैचारिक पुल की तरह है।

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सिन्हा को मातृशोक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की माता कुसुम सिन्हा का 15 फरवरी को प्रातः 1:30 बजे 84 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही न्यायिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत आत्मा की अंतिम यात्रा रविवार की दोपहर 1:00 बजे चीफ जस्टिस के आधिकारिक निवास (बंगले) से प्रस्थान की। अंतिम संस्कार सरकण्डा मुक्तिधाम, बिलासपुर में किया गया। श्रीमती कुसुम सिन्हा के निधन पर न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



■ सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार

# चट्टानों को चीरकर किसने बनाई ये सुरंगें

**विंडहॉक।** नामीबिया, ओमान और सऊदी अरब के सूखे इलाकों में खोज कर रहे वैज्ञानिकों को पुरानी चट्टानों के अंदर बहुत ही बारीक सुरंगें मिली हैं। ये सुरंगें किसी के जीवाश्म जैसी लगती हैं। इसके अलावा ये बिल्कुल सीधी हैं और एक-दूसरे के बराबर दूरी पर बनी हैं। बाहर से देखने पर ये चट्टानें साधारण लगती हैं, लेकिन जब इन्हें काटकर पॉलिश किया जाता है तब ये बारीक सुरंगें साफ नजर आती हैं। ये सुरंगें एक मिमी से भी ज्यादा पतली हैं, लेकिन कई सेंटीमीटर गहरी हो सकती हैं।

### वैज्ञानिकों ने खोजे कई तरह के निशान

जर्मनी की यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सीस पासचियर और उनकी टीम ने रेगिस्तान के उन पत्थरों और संगमरमर की जांच की जो लाखों साल पुराने हैं। उन्होंने उन जगहों को चुना जहां सूखा मौसम होने की वजह से चट्टानों की दरारें और सुरंगें साफ दिखाई दे रही थीं। वैज्ञानिकों ने खास मशीनों से इन सुरंगों की जांच की तो कई चीजें सामने आईं।




### मशीनों की जांच में क्या पता चला?

वैज्ञानिकों ने जब मशीनों से इसकी जांच की तो कई सारी चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। इन सुरंगों के अंदर जो पदार्थ भरा हुआ था वह बाहर की चट्टान से बिल्कुल अलग था। इन सुरंगों के अंदर कार्बन, फास्फोरस और सल्फर जैसी चीजें मिलीं। ऐसी चीजें तभी मिलती हैं जब वहां कोई जिंदा जीव रहा हो या उसके शरीर का कोई हिस्सा वहां मौजूद रहा हो।

सुरंगों के आसपास की चट्टान का रंग बदला हुआ था। इसके अंदर खनिजों की परतें जमी हुई थीं जो बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं जैसे किसी जीव के रहने के बाद बचा हुआ कचरा। जांच में पता चला कि उन सुरंगों के अंदर कार्बन और ऑक्सीजन का बैलेंस बिगड़ा हुआ है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com